पाँच कार्यालयों के 99 प्रकरणों की नमूना जाँच मे सात प्रकरणों में पाया गया कि केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम की धारा 6(2) के अंतर्गत पारगमन विक्रय पर ₹ 229.21 करोड़ की अनियमित छूट दी परिणामस्वरूप ₹ 9.33 लाख की पारगमन शास्ति सहित ₹ 9.87 करोड़ का कम करारोपण हुआ।

(कंडिका 2.2.17.3)

कर निर्धारण अधिकारियों द्वारा सोयाबीन और कपास की बिक्री पर कर निर्धारण करते समय, एक माह से अधिक के संव्यवहार के टीडीएस प्रमाणपत्र को स्वीकार किया। परिणामस्वरूप 13 कार्यालयों के 4,226 कर निर्धारण प्रकरणों की नमूना जाँच में 40 प्रकरणो में ₹ 4.45 करोड़ के टीडीएस का अनियमित समायोजन किया गया।

(कंडिका 2.2.18)

2.2.1 प्रस्तावना

मध्य प्रदेश वैट अधिनियम, कर प्रशासन में और अधिक दक्षता लाने के लिये, व्यवसायियों को व्यावसाय में स्पर्धा के समान अवसर तथा स्पष्ट कर निर्धारण प्रणाली के लिये 2006 में लागू किया गया।

मध्य प्रदेश वैट अधिनियम, मध्य प्रदेश में बिक्री के प्रत्येक स्तर पर करारोपण और संग्रहण निर्धारित करता है। मध्य प्रदेश वैट अधिनियम के अंतर्गत, उपभोक्ता के पास उत्पाद पहुँचने तक बिक्री के प्रत्येंक स्तर पर कर को सीमित करने के लिये, बिक्री के प्रत्येंक स्तर पर लगने वाले निर्गत कर (बिक्री पर देय कर) को आगत कर (क्रय पर देय कर) जिसे आगत कर छूट कहते है, से समंजन (सेट–ऑफ) किया जाता है।

पंजीकृत व्यवसायी द्वारा अपने व्यवसाय के दौरान राज्य के भीतर कर योग्य वस्तु की बिक्री करने पर वैट देय है। लेखा पुस्तकों में, इस प्रकार आरोपित या संग्रहित कर अलग से दिखाया जाता है और यह व्यवसायी के कुल आवर्त का हिस्सा नहीं होना चाहिए। अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न उत्पादों को पाँच[1] मुख्य वर्ग (श्रेणी) में रखा गया है, जिसका उद्देश्य इनके व्यवसाय पर वैट की भिन्न दरों के उपयोग है।

वस्तुओं की अंतर्राज्यीय बिक्री, केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम 1956 के अंतर्गत की जाती है। वस्तुओं के अंतर्राज्यीय विक्रय में घोषणा पत्रों के समर्थन से कर मुक्त/कम दर पर कर की छूट मिलती है और घोषणा पत्रों के प्रस्तुत न करने पर, मध्य प्रदेश वैट, अधिनियम के अंतर्गत दी गई अनुसूची में कर की दर से अंतर्राज्यीय विक्रय पर कर लगाया जाता है।

2.2.2 मध्य प्रदेश वैट, अधिनियम के अंतर्गत कर निर्धारण की प्रणाली

वैट संग्रह और नियंत्रण प्रणाली स्व–कर मूल्यांकन पर आधारित है। वैट मूल्यांकन प्रणाली के समग्र उद्देश्य स्वैच्छिक अनुपालन के स्तर को बढ़ाते हुए एवं कर अपवंचन को रोककर वैट राजस्व की वसूली को अधिकतम करना है। व्यवसायी अपनी देयता की गणना स्वंय करता है, इसके पश्चात् वाणिज्य कर विभाग व्यवसायी द्वारा प्रस्तुत विवरणी की समीक्षा कर अंकेक्षण और कर निर्धारण, सुनिश्चित करने के लिए करता है कि कर दाताओ द्वारा वैधानिक तौर पर देय कर घोषित एवं भुगतान किया गया है।

[1] कर मुक्त वस्तुओं को परिशिष्ट 1 में, एक प्रतिशत दर वाली वस्तुओं को परिशिष्ट 2 के भाग 1 में, चार व पाँच प्रतिशत वाली वस्तुओं को परिशिष्ट 2 के भाग 2 में और 12.5/13 प्रतिशत दर वाली वस्तुओं को परिशिष्ट 2 के भाग चार में दर्शाया गया है। इसके अतिरिक्त कुछ वस्तुएं जिन पर एक बार कर आरोपणीय है परिशिष्ट 2 के भाग 3 में दर्ज है।

वैट के अंतर्गत कर निर्धारण प्रणाली में स्व–कर निर्धारण, कर निर्धारण, कर अंकेक्षण, पुनः कर निर्धारण या कर निर्धारण में संशोधन और कर अपवंचन का पता लगाने और रोकथाम से संबंधित मामलों के मूल्यांकन के लिए विशेष प्रावधान शामिल है। कर निर्धारण प्रणाली और मूल्यांकन की प्रक्रिया को नीचे **सारणी–1** में दर्शाया गया है –

सारणी–1 : कर निर्धारण की प्रणाली व प्रक्रिया



यद्यपि, जहां पर मध्य प्रदेश वैट, अधिनियम के अंतर्गत कर योग्य सामान की खरीद या बिक्री कम/त्रुटिपूर्ण निर्धारित की गयी या कर निर्धारण से छूट गयी, मूल कर निर्धारण पुनः खोला जाएगा (धारा 21 के अंतर्गत) और इसके स्थान पर एक पुनः कर निर्धारण किया जायेगा। पुनः कर निर्धारण कर, निर्धारण आदेश में हुई किसी त्रुटि को सही करना है। जब भी किसी व्यवसायी का पुनः कर निर्धारण किया जाता है, कर निर्धारण अधिकारी छूटे गये आवर्त का निर्धारण नहीं करता है, बल्कि वह निरूपित कुल आवर्त का निर्धारण करता है। यदि आवश्यक हो तो वह कर निर्धारण के लिए सबसे अच्छे निर्णय का आश्रय भी ले सकते है।

केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम 1956 (सीएसटी एक्ट) की धारा 9(2) सक्षम अधिकारी को यह प्राधिकृत करती है कि वह कर निर्धारण करने, पुनः कर निर्धारण करने, संग्रहण और व्यवसायी द्वारा देय जुर्माने एवं कर के भुगतान के लिए कर पर ब्याज के भुगतान के लिए दबाव बनाना केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम में इस उद्देश्य के लिए मध्य प्रदेश वैट अधिनियम के अधीन प्रदत्त शक्तियों जिसमें कर निर्धारण से संबंधित प्रावधान भी शामिल है, का प्रयोग कर सकता है ।

2.2.3 संगठनात्मक ढाँचा

शासन के स्तर पर वाणिज्यिक कर विभाग का प्रमुख, प्रधान सचिव होता है। वाणिज्यिक कर विभाग, आयुक्त वाणिज्यिक कर के नियंत्रण में कार्य करता है जिसकी सहायता हेतु एक निदेशक होता है। विभाग चार क्षेत्रों में बंटा है प्रत्येक क्षेत्र का प्रमुख अतिरिक्त क्षेत्रीय आयुक्त होता है, प्रत्येक क्षेत्र में 15 संभागीय उपायुक्त होते हैं। इन संभागों में 33 क्षेत्रीय सहायक आयुक्त कार्यालय तथा 80 वृत्त कार्यालय हैं जिनके प्रमुख वाणिज्यिक कर अधिकारी /सहायक आयुक्त है। विभाग में उत्तरदायित्व और अधिकारियों की सूची सारणी 2 में दिखायी गयी है।

सारणी 2 : संगठनात्मक संरचना दर्शाने वाला चार्ट



2.2.4 लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं कार्यप्रणाली

प्रणाली की दक्षता और प्रभावकारिता और कर निर्धारण से सम्बन्धित प्रक्रिया तथा राजस्व संग्रहण जानकारी के लिए, 2010–11 से 2014–15 की अवधि के लिए वृत्त, क्षेत्रीय और संभाग कार्यालयों के अभिलेखों के परीक्षण किये गये। इसके अतिरिक्त कार्यालय आयुक्त वाणिज्यिक कर विभाग से सूचनाएं एकत्र की गयीं।

निष्पादन लेखापरीक्षा में 2010–11 से 2014–15 की अवधि को सम्मिलित करते हुए की गई है जिसमें विभाग के कर निर्धारण अधिकारियों द्वारा 01 अप्रैल 2013 से 31 मार्च 2015[2] के मध्य किये गये कर निर्धारणों (अक्टूबर 2014 से जून 2015 तक) को लिया गया है। 130 इकाइयों में से 33 इकाइयों[3] (10 संभाग, 3 क्षेत्रीय और 20 वृत्त

---

[2] पूर्व लेखापरीक्षा के दौरान अप्रस्तुत रहे प्रकरण परंतु वर्तमान निष्पादन लेखापरीक्षा में प्रस्तुत प्रकरणों की भी जॉंच की गई/लेखापरीक्षा में शामिल किया गया ।

[3] **वृत्त कार्यालय**(20) : भोपाल–1, भोपाल–3, भोपाल–5, देवास, ग्वालियर–1, ग्वालियर–2, इंदौर–7, इंदौर–9, इंदौर–10, इंदौर–11, इंदौर–12, इंदौर–13, इंदौर–14, खरगौन, मंडीदीप, रतलाम–1, सतना–1, सेंधवा, उज्जैन–1 और वैढ़न
क्षेत्रीय कार्यालय(03) :भोपाल–1, भोपाल–2 और सागर–2
संभागीय कार्यालय(10) : भोपाल एंटीएवेजन ब्यूरो, भोपाल टेक्स आडिट विंग, भोपाल–1,भोपाल–2, इंदौर टेक्स आडिट विंग–1, इंदौर–1, जबलपुर एंटीएवेजन ब्यूरो, जबलपुर–2,रतलाम और सतना

कार्यालयों) को यादृच्छिक पद्धति से चुना गया। 12,958 कर निर्धारित प्रकरणों में से 12,466 प्रकरणों की लेखापरीक्षा की गयी।

चयनित इकाईयों को **सारणी 3** में नीचे दिखाया गया है।

सारणी 3 : पदानुक्रम और चयनित इकाइयाँ



2.2.5 लेखापरीक्षा उद्देश्य

निष्पादन लेखापरीक्षा आयोजित की गई कि :—

- कर निर्धारण करने में अधिनियमों/नियमों का पालन तथा परिपत्रों/ ज्ञापनों के निर्देशों/आदेशों का अनुपालन किया गया,
- यह सुनिश्चित करना कि छूट/रियायत उद्घोषणा पत्र पर ही दी गयी है,
- यह सुनिश्चित करना कि क्या विवरणियों/अंकेक्षित खातों में सही जानकारी/सही समय पर प्रस्तुत की गई एवं
- मध्यप्रदेश वैट अधिनियम और नियमों के प्रावधान, राजस्व के रिसाव को रोकने के लिए पर्याप्त है।

2.2.6 लेखापरीक्षा मानदंड

लेखापरीक्षा निष्कर्ष निम्न मानदंडों पर आधारित हैं:

- मध्यप्रदेश वैट अधिनियम, 2002
- मध्यप्रदेश वैट नियम 2006
- केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956
- केन्दीय विक्रय कर (रजिस्ट्रेशन और टर्नओवर) नियम 1957
- विभाग एवं राज्य सरकार द्वारा समय—समय पर जारी किये गये नियम, परिपत्रं, ज्ञापन और निर्देश।

2.2.7 अभिस्वीकृति

भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा विभाग, वाणिज्यिक कर विभाग को लेखापरीक्षा करने के लिए सहयोग तथा जानकारी एवं सूचनाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग का आभारी है।

विभाग के प्रमुख सचिव के साथ लेखापरीक्षा के क्षेत्र और कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में 18 फरवरी 2015 को प्रवेश सम्मेलन आयोजित किया गया। निष्पादन लेखा परीक्षा का प्रारूप जुलाई 2015 को राज्य सरकार को भेजा गया। निष्पादन लेखापरीक्षा में लेखापरीक्षा आपत्तियां के सम्बन्ध में विभाग के प्रधान सचिव के साथ निर्गम सम्मेलन में 07 अक्टूबर 2015 को चर्चा की गयी। निष्पादन लेखापरीक्षा में सरकार/विभाग के विचारों को शामिल किया गया। लेखापरीक्षा के सभी पाँच अनुशंसाओं को विभाग द्वारा स्वीकार किया गया।

2.2.8 पंजीकृत व्यवसायी और अपंजीकृत व्यवसाइयों का सर्वेक्षण

मध्य प्रदेश वैट अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत व्यवसायियों की स्थिति और वर्ष 2010–11 से 2014–15 के मध्य उनकी वृद्धि का प्रतिशत तालिका 2.2 में दर्शाया गया है।

तालिका 2.2

वर्ष	वर्ष के प्रारम्भ में पंजीकृत व्यवसाईयों की संख्या	वर्ष के दौरान पंजीकृत व्यवसायी	वर्ष के दौरान जिनके पंजीयन निरस्त किये गये ऐसे व्यवसाइयों की संख्या	वर्ष के अंत में पंजीकृत व्यवसाईयों की संख्या	पिछले वर्ष से पंजीकृत व्यवसाईयों की संख्या में प्रतिशत वृद्धि
2010–11	232858	17678	9855	240681	–
2011–12	240681	28790	13644	255827	6.92
2012–13	255827	27903	20965	262765	2.71
2013–14	262765	26150	22454	266461	1.40
2014–15	266461	35378	24258	277581	4.17

(स्रोत : विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार)

उपरोक्त तालिका से देखा जा सकता है कि पंजीकृत व्यवसायियों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में प्रतिशत वृद्धि 1.40 और 6.92 प्रतिशत के मध्य है। नये व्यवसायियों को कर दायरे में लाने के लिए विभाग द्वारा कराये गये सर्वे के बारे में विभाग द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। यद्यपि उत्तर में बताया (अक्टूबर 2015) कि आयकर विभाग केन्द्रीय उत्पाद विभाग और दूसरे सरकारी विभागों से जानकारी एकत्र कर व्यवसायियों को कर दायरे में लाने के सतत् प्रयास किए जा रहे हैं ।

सर्वे के सम्बन्ध में उचित जवाब नहीं देना, इस तथ्य को प्रदर्शित करता है कि अपंजीकृत व्यवसायियों जिन पर कर देयता है के सर्वे कराने हेतु विभाग द्वारा कोई विशेष प्रयास नहीं किया गया।

2.2.9 राजस्व प्राप्ति की प्रवृत्ति

वैट और केन्द्रीय विक्रय कर की 2010–11 से 2014–15 के अवधि की वास्तविक प्राप्तियाँ निम्न **तालिका 2.3** में दिखायी गयी है।

तालिका 2.3

(राशि करोड़ ₹ में)

वर्ष	बजट अनुमान	सकल प्राप्तियां (वैट और सी.एस.टी.)	अंतर अधिक्य/ कमियां	बजट अनुमान के सापेक्ष अंतर (प्रतिशत में)	पूर्व वर्ष के सापेक्ष वास्तविक प्राप्तियां की प्रतिशत वृद्धि
2010–11	9320.00	10256.76	936.76	10.05	---.
2011–12	11830.00	12516.73	686.73	5.80	(–) 22.03
2012–13	14000.00	14856.30	856.30	6.11	(–) 18.69
2013–14	16500.00	16649.85	149.85	0.90	(–) 12.07
2014–15	19500.00	18135.96	(–)1364.04	(–) 7.00	(–) 8.92

(स्रोत : म.प्र.शासन के वित लेखे)

उपरोक्त सारणी से यह आसानी से देखा जा सकता है कि वर्ष दर वर्ष राजस्व में सतत् वृद्धि हुई है किन्तु राजस्व वृद्धि का प्रतिशत गिरावट में है तथा पिछले पाँच वर्षो में पंजीकृत व्यवसायियों की संख्या में वृद्धि एवं कर की दर में वृद्धि के बावजूद यह 22.03 प्रतिशत से 8.92 प्रतिशत गिरावट रही। इसके अतिरिक्त 2014–15 की अवधि के लिए वास्तविक प्राप्तियाँ बजट अनुमान से सात प्रतिशत कम रही।

निर्गम सम्मेलन में, राजस्व की गिरावट के विषय में विभाग द्वारा कहा गया (अक्टूबर 2015) कि बाजार में मंदी तथा पेट्रोल और डीजल के दामों में कमी (इनका वैट राजस्व में लगभग 34 प्रतिशत का योगदान है) के कारण राजस्व में गिरावट हुई।

2.2.10 बकाया राजस्व

पांच वर्षों से अधिक के बकाया राजस्व और बकाया दायित्व के विवरण **तालिका 2.4** में दर्शाये गए हैं :–

तालिका 2.4

(राशि करोड़ ₹ में)

अवधि	वर्ष के प्रारम्भ में प्रारम्भिक बकाया	वर्ष के दौरान वृद्धि	कुल	वर्ष के दौरान वसूली	वर्ष के अंत में अंतिम शेष	वर्ष के अंत मे पाँच वर्षों से अधिक बकाया
2010–11	586.95	1214.02	1800.97	1271.17	529.80	194.53
2011–12	529.80	1667.19	2196.99	1679.06	517.93	202.45
2012–13	517.93	1748.39	2266.32	1708.57	557.75	180.75
2013–14	557.75	1898.24	2455.99	1879.52	576.47	320.92
2014–15	576.47	2761.02	3337.49	2733.58	603.91	305.80

(स्रोत : विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार)

उपरोक्त तालिका से देखा जा सकता है कि बकाया राजस्व 2010–11 में ₹ 529.80 करोड़ से 2014–15 में ₹ 603.91 करोड़ हो गये और 2010–11 को छोड़कर बाकी पांच वर्षों में राजस्व बकाये में बढ़ोत्तरी का क्रम रहा है। इसी प्रकार, पांच वर्षों से अधिक के बकाया की राशि 2010–11 में ₹ 194.53 करोड़ से बढ़कर 2014–15 में ₹ 304.80 करोड़ हो गई । इसके अतिरिक्त 31 मार्च 2015 तक बकाया राजस्व ₹ 603.91 करोड़ का हो गया जिसमें से ₹ 483.72 करोड़ के बकाया अन्य प्रकरणों की श्रेणी में आते है जैसे कि न्यायालयीन प्रकरण, अपील प्रकरण, बीमार इकाईयों इत्यादि से सम्बन्धित है।

निर्गम सम्मेलन में, विभाग ने बताया (अक्टूबर 2015) कि पूरे देश में मध्य प्रदेश वाणिज्यिक कर विभाग की कर निर्धारण प्रणाली सबसे अद्यतन है। कर निर्धारण प्रक्रिया को आसान कर यह हासिल किया गया है तथा विभाग वसूली की प्रगति से संतुष्ट है और ऐसा अपेक्षित है कि बकाया वसूली इस वित्तीय वर्ष के अंत तक हो जाएगी।

हम शासन के उत्तर से सहमत नहीं हैं क्योंकि राजस्व के बकाया में उत्तरोतर वृद्धि की ही प्रवृत्ति है ।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष

मूल्य संवर्धन कर के अंतर्गत कर निर्धारण की प्रणाली की निष्पादन लेखापरीक्षा में, अधिनियम और नियमों को उल्लंघन और प्रणाली में कमियाँ आदि पायी गयी। इन कमियों के कारण राजस्व हानि की चर्चा आगामी परिच्छेदों में की गयी।

2.2.11 सकल विक्रय (टर्नओवर) का त्रुटिपूर्ण निर्धारण

कर निर्धारण अधिकारी द्वारा व्यवसायी की करयोग्य राशि का कम निर्धारण किया गया जबकि प्रकरण में अंकेक्षित खाते, विक्रय सूची तथा अन्य अभिलेखों से कुल कर योग्य राशि अधिक प्रमाणित हुई। कुल ₹ 499.41 करोड़ की राशि को कर निर्धारण हेतु शामिल नहीं किया गया परिणामस्वरुप ₹ 41.84 करोड़ की शास्ति सहित ₹ 82.08 करोड़ का करारोपण नही हुआ।

हमने अक्टूबर 2014 से जून 2015 के मध्य आठ संभाग कार्यालयों[4], तीन क्षेत्रीय कार्यालय (भोपाल I, II और सागर–II) और 19 वृत्त कार्यालयों[5] के 9,871 कर निर्धारण प्रकरणों में से 9,063 प्रकरणों की नमूना जाँच की और पाया कि 157 व्यवसायी के 160 प्रकरण जो कि 2009–10 से 2012–13 की अवधि में कर निर्धारण हुए थे, का कर निर्धारण करते समय कर योग्य राशि ₹ 3,094.65 करोड़ निर्धारित की जबकि प्रकरण नस्तियों में उपलब्ध अंकेक्षित खाते, विषय सूची और अन्य अभिलेखों से सकल आवर्त की राशि ₹ 3,594.07 करोड अवधारित हुई।

प्लांट और मशीनरी की बिक्री, उत्पाद शुल्क और विविध कर योग्य मूल्य व्यवसायी की कर योग्य राशि में शामिल नहीं किये गये। इसी प्रकार, संविदा कार्य, जॉब कार्य और विक्रय वापसी छूट आदि में अधिक कटौती दिखायी गयी। अतः मध्यप्रदेश वैट अधिनियम की धारा 2(z) के प्रावधानों की उपेक्षा से कुल ₹ 499.41 करोड़ राशि का कर निर्धारण नहीं किया गया, इस धारा के अंतर्गत कर योग्य राशि का अर्थ व्यवसायी द्वारा सामान की बिक्री या आपूर्ति करने में बिक्री के समय विक्रय वापसी और छूट की राशि घटाने के बाद प्राप्त कीमत से है।

इसके परिणामस्वरूप ₹ 40.24 करोड़ का कर आरोपित नहीं हुआ, इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश वैट अधिनियम की धारा 21(2) के अंतर्गत कम कर निर्धारण से ₹ 41.84 करोड़ का शास्ति भी व्यवसायियों पर आरोपणीय थी, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट I** में है।

निर्गम सम्मेलन में, विभाग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उठाये गये मुद्दों की निश्चित समय में जाँच/सुधार कर तथा कर निर्धारण के लिए आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करने पर जोर दे। विभाग ने यह भी कहा कि आवश्यक मॉड्यूल को प्रणाली में लेते हुए ई–कर निर्धारण द्वारा कर निर्धारण प्रणाली को मजबूत बनाने की आवश्यकता थी। यह भी बताया गया कि निष्पादन लेखापरीक्षा के दौरान ली गयी लेखापरीक्षा आपत्तियों का उत्तर/स्वीकार्यता निर्धारित समय में प्रस्तुत किए जाएंगे। आगे उत्तर प्राप्त नहीं हुआ (नवम्बर 2015)।

---

[4] संभागकार्यालय (8) : टी.ए.डब्ल्यू. भोपाल, भोपाल–I, भोपाल–II, इंदौर– I, इंदौर टी.ए.डब्ल्यू–I, जबलपुर–II, रतलाम और सतना

[5] वृत्त कार्यालय (19) : भोपाल–I, भोपाल–III, भोपाल–V, ग्वालियर–I, ग्वालियर–II, इंदौर–VII, इंदौर–IX, इंदौर–X, इंदौर–XI, इंदौर–XII, इंदौर–XIII, इंदौर–XIV, खरगौन, मण्डीदीप, रतलाम, सतना, सेंधवा, उज्जैन और वैढन

2.2.12 गलत दर से कर का आरोपण

कर निर्धारण अधिकारियों द्वारा ₹ 143.54 करोड़ के आवर्त पर कम दर से करारोपण किया गया जिसके परिणामस्वरूप ₹ 26.80 करोड़ के शास्ति सहित ₹ 38.57 करोड़ के कर का अनारोपण/त्रुटिपूर्ण करारोपण हुआ।

हमने अक्टूबर 2014 से जून 2015 की अवधि में छः संभाग कार्यालयों[6], तीन क्षेत्रीय कार्यालय (भोपाल–I, II और सागर–II) और 15 वृत्त कार्यालयों[7] के 5,646 प्रकरणों में से 5,044 प्रकरणों की नमूना लेखापरीक्षा की और पाया कि 48 व्यवसायी के 51 प्रकरणों में जो कि 2009–10 से 2012–13 की अवधि के थे, का कर निर्धारण जनवरी 2012 और मार्च 2015 की अवधि में किया गया कर निर्धारण अधिकारी ने कर योग्य आवर्त ₹ 143.54 करोड़ पर कम कर दर से कर आरोपण वस्तुओं का तथा गलत वर्गीकरण कर किया जो कि मध्यप्रदेश वैट अधिनियम की धारा 9 तथा इस सम्बन्ध में जारी अधिसूचनाओं का उलंघन था जिसके अर्न्तगत वस्तुओं पर करारोपण अनुसूचि–II में दिए गए हैं जो कि वस्तु के वर्गीकरण पर आधारित है।

परिणामस्वरूप, ₹ 11.77 करोड़ का कम करारोपण हुआ। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश वैट अधिनियम की धारा 21(2) के अंतर्गत चूंकि कम कर निर्धारण व्यवसायियों पर आरोप्य था, में ₹ 26.80 करोड़ की शास्ति भी वसूल की जानी थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट II** में दिया गया है।

निर्गम सम्मेलन के दौरान विभाग ने बताया (अक्टूबर, 2015) कि यह वस्तु पर कर की दर के संबंध में मत भिन्नता के कारण हो सकता है। यह भी बताया गया कि हार्मोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नामनक्लेचर कोड की अनुपस्थिति में कर की दर के आंकलन करने में गलती की संभावना हुई हो। यह भी बताया कि निष्पादन लेखा परीक्षा में लेखापरीक्षा आपत्तियों का विस्तृत उत्तर निर्धारित समय में प्रस्तुत किया जायेगा। अभी तक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ (नवम्बर 2015)।

2.2.13 गलत कटौती की अनुमति दिये जाने के कारण कर का कम आरोपण

प्रकरणों का कर निर्धारण करते समय कर निर्धारण अधिकारी ने विक्रय मूल्य में कर की राशि को शामिल मानते हुए कर की राशि को (विक्रय मूल्य से) घटाया। यद्यपि यह (कर की राशि) कुल विक्रय राशि में शामिल नहीं की गयी थी। इस कारण से ₹ 32.22 करोड़ का कम करारोपण हुआ।

2.2.13.1 अक्टूबर 2014 से जून 2015 की अवधि में दो संभाग कार्यालय (भोपाल–2 और जबलपुर–2) और 10 वृत्त कार्यालयों[8] के 3,543 प्रकरणों में 3,229 प्रकरणों की नमूना लेखापरीक्षा की और पाया कि 13 व्यवसाइयों के 14 प्रकरणों में जो कि 2010–11 से 2012–13 की अवधि के थे, का कर निर्धारण मई 2013 और फरवरी 2015 की अवधि में किया गया, कर योग्य राशि का निर्धारण करते समय कर निर्धारण

[6] **संभागीय कार्यालय**(6) : भोपाल टैक्स आडिट,भोपाल–1,भोपाल–2, इंदौर–1, इंदौर टेक्स आडिट–1 और सतना

[7] **वृत्त कार्यालय**(15) : भोपाल–1, भोपाल–3, भोपाल–5, देवास, ग्वालियर–1, ग्वालियर–2, इंदौर–7, इंदौर–10, इंदौर–11, इंदौर–13, मंडीदीप, सतना–1, सेंधवा, उज्जैन–1 और बेढ़न

[8] **वृत्त कार्यालय**(10) : भोपाल–1, ग्वालियर–1,ग्वालियर–2,इंदौर–9,इंदौर–11,इंदौर–14, खरगौन, रतलाम–1, सतना–1 एवं उज्जैन–1

अधिकारी ने विक्रय मूल्य में कर की राशि घटायी है जबकि विक्रय मूल्य में कर की राशि शामिल नहीं थी।

यह मध्य प्रदेश वैट अधिनियम 2002 की धारा 2(x)(iii) के अनुसार, यदि विक्रय मूल्य में कर की राशि शामिल नहीं की गयी है तो यह (कर की राशि) विक्रय मूल्य में नहीं घटायी जाएगी। अतः यह म.प्र. वैट अधिनियम 2002 की धारा 2(x)(iii) का उल्लंघन था।परिणामस्वरूप ₹ 47 लाख का कम करारोपण हुआ। इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 21(2) के अनुसार कम कर निर्धारण व्यवसायियों पर आरोप्य होने के कारण ₹ 70.14 लाख वसूली योग्य शास्ति का विवरण **परिशिष्टि III** में नीचे दिया गया है।

2.2.13.2 अक्टूबर 2014 से जून 2015 की अवधि में संभाग कार्यालय सतना और चार वृत्त कार्यालयों[9] की 2,246 प्रकरणों में से 2,240 प्रकरणों की नमूना जांच की गयी और पाया गया कि 2011–12 से 2012–13 की अवधि के प्रकरणों जिनका फरवरी 2013 से फरवरी 2015 के मध्य 12 व्यवसायियों के 13 प्रकरणों का कर निर्धारण किया गया था, व्यवसायियों द्वारा प्रमाणित वैट ऑडिट रिपोर्ट[10] प्रस्तुत की गयी। बिक्री की गयी वस्तुओं का मूल्य शुद्ध क्रय के आधार पर निकाला गया (अर्थात् वैट घटाकर क्रय) और वस्तुओं की विक्रय मूल्य की गणना, बेचे जाने वाली वस्तुओं की कीमत में लाभ जोड़कर की गयी। इस कारण, विक्रय मूल्य ही शुद्ध विक्रय थी (अर्थात वैट के बिना) किन्तु प्रमाणित वैट ऑडिट रिपोर्ट में, विक्रय मूल्य को शुद्ध बिक्री के स्थान पर वैट के साथ विक्रय त्रुटिपूर्ण दर्शाया गया।

कर निर्धारण के दौरान कर निर्धारण अधिकारी ने वैट की छूट ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर बिना यह सुनिश्चित किए कि वैट ऑडिट रिपोर्ट में दिखायी गयी बिक्री वास्तव में शुद्ध बिक्री थी, प्रदान की। पणिामस्वरूप मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 21(2) के अंतर्गत शास्ति की राशि ₹ 23.28 करोड़ सहित ₹ 31.05 करोड़ का कम करोरोपण हुआ जिसका वर्णन **परिशिष्ट IV** में दिया गया है।

निर्गम सम्मेलन के दौरान (अक्टूबर 2015), विभाग ने विषय पर सहमति जतायी और आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। आगे उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है (नवम्बर 2015)।

2.2.14 वस्तुओं को कर मुक्त मानते हुए विक्रय पर कर का अनारोपण

व्यवसायियों ने कर योग्य वस्तु की बिक्री की तथा कर मुक्त बिक्री का दावा किया। कर निर्धारण करते समय कर निर्धारण अधिकारी ने भी इन प्रकरणों को त्रुटिपूर्ण ढंग से कर मुक्त वस्तु मानते हुए बिक्री पर करारोपण नहीं किया। परिणामस्वरूप ₹ 1.26 करोड़ के शास्ति सहित ₹ 1.82 करोड़ का कम करारोपण रहा।

हमने अक्टूबर 2014 से जून 2015 की अवधि में एक संभाग कार्यालय (रतलाम) और छः वृत्त कार्यालयों'[11] की 4,093 कर निर्धारण प्रकरणों में 4,068 प्रकरणों की नमूना जांच की गयी और पाया गया कि 2010–11 से 2011–12 के मध्य अवधि के प्रकरणों जिनका मई 2013 से मार्च 2015 के मध्य आठ व्यवसाइयों के नौ प्रकरणों का कर निर्धारण किया गया व्यवसायियों ने अनुसूची–II में कर योग्य वस्तु जैसे कृषि सम्बन्धित

[9] **वृत्त कार्यालय**(4) : भोपाल–5इंदौर–10,इंदौर–11,इंदौर–13,

[10] अधिनियम की धारा 39 के अंतर्गत 1.4.12 से जिन पंजीकृत व्यवसाइयों का सकल विक्रय 10 करोड़ रुपये से अधिक है उनके द्वारा रिपोर्ट फार्म 41–ए में इलेक्ट्रॉनिकली टैक्स ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

[11] **वृत्त कार्यालय**(6) : भोपाल–5,देवास,इंदौर–9,इंदौर–11,इंदौर–12,और मंडीदीप

पाइप, स्प्रिंकल पाइप और फिटिंग, वेन्टीलेटर्स और टोमैटो सॉस ₹ 10.74 करोड़ की बिक्री की।

कर निर्धारण अधिकारी ने गलत वर्गीकरण करते हुए अनुसूची–II के कर योग्य वस्तु को अनुसूची–I की कर मुक्त वस्तु माना तथा कोई कर आरोपित नहीं किया, जो कि मध्य प्रदेश वैट अधिनियम और ज्ञापन के विरूद्ध था। परिणामस्वरूप ₹ 55.55 लाख का कम करारोपण हुआ। इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 21(2) के अंतर्गत शास्ति की राशि ₹ 1.26 करोड़ कम कर निर्धारण के कारण व्यवसायियों से देय है को **परिशिष्ट–V** में दिखाया गया हैं।

निर्गम सम्मेलन के दौरान, विभाग ने बताया (अक्टूबर 2015) कि वस्तु के वर्गीकरण और कर की दर लागू करने से सम्बन्धित है। विभाग ने आश्वस्त किया कि लापरवाही के कारण गलती पाए जाने पर अपेक्षित कार्यवाही होगी। तदुपरांत कोई जवाब नहीं दिया (नवम्बर 2015)।

हम अनुषंसा करते है कि राजस्व हानि को रोकने हेतु अधिनियम/नियमों के प्रावधानों को सर्तकतापूर्वक लागू किया जाए। साथ ही कठोर व्यवस्था बनाए रखने हेतु उत्तरदायित्व तय किये जाये जिससे कि कर निर्धारण प्रकरणों में प्रभावपूर्ण ढंग से हानि रोकी जाए।

2.2.15 आगत कर छूट (अधिनियम की धारा 14)

अंकेक्षित खातों में दिखायी गयी क्रय से अधिक क्रय पर आगत कर छूट, आगत कर छूट न प्राप्त करने योग्य वस्तु और राज्य के बाहर स्टॉक स्थानांतरण पर आगत कर छूट का रिवर्सल नही किया जाना/कम रिवर्सल आदि के परिणामस्वरूप ₹ 10.37 करोड़ की गलत/अधिक आगत कर छूट प्रदान की गयी।

हमने देखा कि मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 14 के प्रावधानों की अनदेखी करने के कारण 2011–12 से 2014–15 की अवधि के अप्रैल 2013 से मार्च 2015 में किये गये 76 व्यवसाइयों के 80 कर निर्धारण प्रकरणों में आगत कर छूट की अनियमितता पायी गयी।

2.2.15.1 अंकेक्षित खातों में प्रमाणित क्रय से ज्यादा क्रय पर आगत कर रिबेट की स्वीकृति

हमने अक्टूबर 2014 से जून 2015 में पाँच संभाग कार्यालय[12] और 15 वृत्त कार्यालयों[13] के 2010–11 से 2012–13 की अवधि के प्रकरण जिनका कर निर्धारण जुलाई 2012 और मार्च 2015 के मध्य हुआ था, 8,280 कर निर्धारण प्रकरणों में 7,551 कर निर्धारण प्रकरणों में हमने नमूना जांच में पाया कि 34 प्रकरणों में व्यवसायी अंकेक्षित खातों के क्रय के अनुसार ₹ 32.47 करोड़ की आगत कर छूट पाने की पात्रता रखते थे।

तथापि व्यवसायी द्वारा अनुचित दावा किया गया तथा कर निर्धारण अधिकारी ने अंकेक्षित खाते में प्रमाणित क्रय से ज्यादा क्रय पर ₹ 36.11 करोड़ की आगत कर छूट प्रदान की। इसी प्रकार 20 प्रकरणों में क्रय बिल/सूची के अभाव के बावजूद ₹ 3.71 करोड़ की आगत कर छूट प्रदान की और जहाँ बिलों में वैट पृथक से नहीं दिखाया गया वहां पर भी व्यवसायियों को ₹ 2.35 करोड़ की छूट दी।

[12] **संभागीय कार्यालय**(5) : भोपाल टेक्स आडिट, भोपाल–1, भोपाल–2, इंदौर टेक्स आडिट–1 और सतना

[13] **वृत्त कार्यालय**(15) : भोपाल–1, भोपाल–5,ग्वालियर–1, ग्वालियर–2, इंदौर–9, इंदौर–10, इंदौर–11, इंदौर–12, इंदौर–13, मंडीदीप, रतलाम–1, सतना–1, सेंधवा, उज्जैन–1 और बैढ़न

यह मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 14(1) और नियम 9 के प्रावधानों का उलंघन था, जिसके अंतर्गत व्यवसायी द्वारा प्रस्तुत विवरणियों के प्रमाणीकरण करने और प्रमाणित अंकेक्षित खातों में दिखायी गयी क्रय पर ही आगत कर छूट दी जानी चाहिए थी। परिणामस्वरूप ₹ 4.99 करोड़ की अनियमित आगत कर छूट की स्वीकृति दी गयी। इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 21(2) के अंतर्गत कर के कम कर निर्धारण पर ₹ 3.21 करोड़ की शास्ति की राशि व्यवसायी से वसूली योग्य थी जिसे परिशिष्ट–VI में दिखाया गया है।

2.2.15.2 आगत कर छूट के लिए अस्वीकार्य वस्तुओं पर आगत कर रिबेट की स्वीकृति

आगत कर छूट न दिये जाने वाले वस्तुओं पर आगत कर छूट दिया गया अक्टूबर 2014 और जून 2015 के मध्य दो संभाग कार्यालय (भोपाल–II तथा रतलाम) और पाँच वृत्त कार्यालयों[14] के 2,071 कर निर्धारण प्रकरणों में से 2,022 प्रकरणों में हमने नमूना जांच में पाया कि 2010–11 से 2012–13 की अवधि के प्रकरण जिनका कर निर्धारण अप्रैल 2013 से सितम्बर 2014 के मध्य हुआ था सात व्यवसायियों के सात प्रकरणों में, व्यवसायियों को ₹ 40.64 लाख की भवन निर्माण सामग्री और सरसों पर तथा उन व्यवसायियों जिन्होंने कम्पोजीशन ले रखा था, आगत कर छूट स्वीकृत किया गया था।

मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 14(6) के प्रावधानों के अंतर्गत पंजीकृत व्यवसायी जिन्होंने अधिनियम की धारा 11(ए) के अंतर्गत कम्पोजीशन की सुविधा ली है और राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित[15] प्लांट मशीनरी उपकरण और पार्ट्स पर भी आगत कर छूट का दावा नहीं होगा या स्वीकृत किया जाएगा। इसी प्रकार, धारा 26–ए(4) के अंतर्गत सरसों के लिए भी आगत कर छूट का दावा नहीं होगा या स्वीकृत किया जाएगा। परिणामस्वरूप ₹ 40.64 लाख का कम करारोपण हुआ। इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 21(2) के अंतर्गत कर के कम कर निर्धारण पर ₹ 1.13 करोड़ के शास्ति की राशि का विस्तृत विवरण **तालिका 2.5** में नीचे दिखाया है।

तालिका 2.5

(राषि ₹ में)

क्र.	इकाई का विवरण	व्यवसायी का नाम, टिन प्र.क्र.	कर निर्धारण की अवधि/माह वस्तु	आई.टी.आर. दावा स्वीकृत की राशि	आई.टी. आर. के रोक की राशि	जुर्माने की राशि
1.	वृत्त IX इंदौर	मै.साई शक्ति एग्रोटेक प्रा.लि. 23610905610 1074/11(वैट)	2010–11 सितम्बर 2013 बिल्डिंग मैटीरियल (आयरन एण्ड स्टील और वेल्डिंग मैटीरियल)	1499750	184176	552528
2.	उपा.वा. कर रतलाम	गुजरात अम्बुजा ट्रांसपोर्ट प्रा.लि. उपायुक्त वाणिज्यिक कर 23553104439 सी.एस.0000031519 (वैट)	2010–11 अप्रैल 2013 बिल्डिंग मटेरियल	94084	94084	0
3.	वा.क.अ.I रतलाम	जी.एच.बीजापुर कं. रतलाम 23473404795 505/11 (वैट)	2010–11, अगस्त 2013 प्लांट एण्ड मशीनरी (कम्पोजीशन धारा 11–ए)	2976242	2976242	8928726

14 **वृत्त कार्यालय**(5) : इंदौर–9,,इंदौर–11,रतलाम–1,सतना–1, और उज्जैन–1

15 बिल्डिंग मैटीरियल, धारा 14(6)(vi) के ज्ञापन ए–3–95–05–I–V(28) दिनांक 17 अगस्त 2007 के अंतर्गत अधिसूचित है।

4.	उपा.वा. क.II भोपाल	क्रॉम्पटन ग्रीव्ज लिमिटेड ट्रांसफार्मर डिवीजन 23644104120 11/11 (वैट)	2010–11, जून 2013 बिल्डिंग निर्माण में सीमेंट का उपयोग	38873	38873	116619
5.	वा.क.अ. वृत्त–I सतना	मै.चेलाराम मन्नाराम 23167000222 732/3 (वैट)	2012–13, सितम्बर 2014 सरसों (मस्टर्ड)	489396	489396	1468188
6.	वा.क.अ. वृत्त–XI, इंदौर	मै.ममता ट्रांसफार्मर्स प्रा.लि. 23981100037 6/12 (वैट)	2011–12, जून 2014 बिल्डिंग मैटीरियल	57631	57631	172893
7.	वा.क.अ. वृत्त–XI, इंदौर	मै.ममता ट्रांसफार्मर्स प्रा.लि. 23981100037 6/12 (वैट)	2011–12, जून 2014 बिल्डिंग मैटीरियल (कम्पोजीशन वर्क)	40721	40721	122163
8.	वा.क.अ. वृत्त–I उज्जैन	मै. लव नारंग 2328266638 2092/14 (वैट)	2011–12, अगस्त 2014 बिल्डिंग मैटीरियल	183018	183018	0
			योग	**5379715**	**4064141**	**11361117**

निर्गम सम्मेलन के दौरान, विभाग ने बताया (अक्टूबर 2015) कि लेखा परीक्षा में लेखापरीक्षा आपत्तियों पर विस्तृत जवाब/स्वीकारोति भेजी जाएगी। उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है (नवम्बर 2015)।

2.2.15.3 राज्य के बाहर स्टॉक स्थानांतरण पर आई.टी.आर. का कम रिवर्सल या रिवर्सल नहीं किया जाना

अक्टूबर 2014 और जून 2015 के मध्य तीन संभाग कार्यालय जबलपुर–II, (रतलाम और सतना) और आठ वृत्त कार्यालयों[16] के 4,279 कर निर्धारण प्रकरणों में 4,267 प्रकरणों की हमने नमूना जांच की और पाया कि 2010–11 से 2012–13 के मध्य कर निर्धारण प्रकरणों की अप्रैल 2013 से फरवरी 2015 के मध्य में 17 व्यवसायियों के 18 कर निर्धारण प्रकरणों में आगत कर छूट का कम रिवर्सल/रिवर्सल नही किया गया है। 11 प्रकरणों में ₹ 8.63 लाख का आगत कर छूट रिवर्सल नहीं किया गया जबकि अन्य सात प्रकरणों में ₹ 21.39 लाख की बिक्री और स्टॉक ट्रांसफर के अनुपात में आगत कर छूट का कम रिवर्सल हुआ।

इसके परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 14(1)(a)(6) के प्रावधानों के अंतर्गत वस्तुओं का निस्तारण करने के अन्यथा मध्यप्रदेश राज्य के भीतर विक्रय या अंतर्राज्यीय विक्रय या भारत के बाहर विक्रय करने पर उसके द्वारा क्रय मूल्य के चार प्रतिशत की दर या ऐसे वस्तुओं के शुद्ध आगत कर जो भी कम हो से आगत कर छूट (रिवर्सल) की राशि देय होगी इस प्रावधान की अनदेखी पर परिणामस्वरूप ₹ 30.04 लाख के आगत कर छूट का अनियमित दावा और स्वीकृति की गयी। इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 21(2) के अंतर्गत कर के कम कर निर्धारण जो कि व्यवसायी पर आरोप्य था, ₹ 32.62 लाख की शास्ति का विवरण **परिशिष्ट VII** में दिखाया गया है।

[16] **वृत्त कार्यालय**(20) : भोपाल–1,भोपाल–3,भोपाल–5,इंदौर–7,इंदौर–10,इंदौर–11,इंदौर–13,और सेंधवा

निर्गम सम्मेलन के दौरान, विभाग ने बताया (अक्टूबर 2015) कि लेखापरीक्षा आपत्तियों के उत्तर/अनुपालन निर्धारित अवधि में दिये जायेंगे। उत्तर प्राप्त नहीं हुआ (नवम्बर 2015)।

2.2.15.4 लौहा और इस्पात तथा खाद्य तेलों पर आगत कर छूट का प्रमाणीकरण नहीं होना

वाणिज्यकर आयुक्त के निर्देष के बावजूद लौहा और इस्पात तथा खाद्य तेल की खरीद और बिक्री का सत्यापन तार्किक अन्तिम बिन्दु तक न किया जाकर, कर निर्धारण अधिकारी द्वारा बिना सत्यापन के लौहा और इस्पात तथा खाद्य तेल पर राषि ₹ 21.21 करोड़ के आगत कर रिबेट की स्वीकृति प्रदान की गई।

अक्टूबर 2014 और जून 2015 के मध्य पाँच संभाग कार्यालय[17], तीन क्षेत्रीय कार्यालयों (भोपाल–I, II, सागर–II) और नौ वृत्त कार्यालयों[18] के 4,720 कर निर्धारण प्रकरणों में 4,610 की हमने नमूना जांच की और पाया कि अवधि 2009–10 से 2012–13 की अवधि के प्रकरणों को जून 2012 से फरवरी 2015 में 45 व्यवसाइयों के 45 प्रकरण कर निर्धारण किये गये जिसमें ₹ 21.22 करोड़ का आगत कर छूट लौहा और इस्पात तथा खाद्य तेलों पर विभाग द्वारा स्वीकृत किया गया।

हालांकि वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जारी किये गये परिपत्रों[19] के अनुसार लौहा और इस्पात तथा खाद्य तेलों के क्रय और विक्रय का प्रमाणीकरण किया जाना और इन वस्तु पर आगत कर छूट का अंतिम बिन्दु तक प्रमाणीकरण किया जाना चाहिए था। जो नहीं किया गया। लौहा और इस्पात तथा खाद्य तेलों पर अंतिम बिन्दु तक आगत कर छूट का प्रमाणीकरण न किये जाने वाले प्रकरणों का विस्तृत विवरण **परिषिष्ट –VIII** में दिया गया है।

निर्गम सम्मेलन में विभाग ने बताया (अक्टूबर 2015) की शुरुआत में मैन्युली करने पर पता लगाना संभव नहीं था, अब यह ऑन लाइन प्रणाली से प्रमाणित किया जा रहा था।

निष्पादन लेखापरीक्षा द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों में सत्यता लायी गयी कि वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जारी किये गये परिपत्रों के अनुसार आगत कर छूट का प्रमाणीकरण लौहा और इस्पात तथा सरसों में अंतिम बिन्दु तक किया जाना चाहिए था, नहीं किया गया।

2.2.16 आगत कर छूट का प्रमाणीकरण तंत्र

विभाग में प्रचलित प्रणाली से सभी प्रकरणों का आगत कर छूट प्रमाणीकरण ठोस रूप से संभव नहीं है।

विभाग में नकद वापसी के प्रकरणों में आगत कर छूट की स्वीकृति और प्रमाणीकरण के लिए आगत कर छूट का प्रमाणीकरण की अलग इकाई है। यद्यपि दूसरे प्रकरणों में विक्रय व्यवसायियों से क्रय का प्रमाणीकरण के लिए कोई तंत्र नहीं है जैसा कि मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 14(6–ए) के अंतर्गत हो, जो प्रावधानित करता है कि

[17] **संभागीय कार्यालय** (5) : भोपाल टेक्स आडिट,भोपाल–1,भोपाल–2 ,इंदौर–1 और रतलाम

[18] **वृत्त कार्यालय**(9) : भोपाल–1,भोपाल–3,इंदौर–7,इंदौर–9,इंदौर–11,इंदौर–14,खरगौन, मंडीदीप और रतलाम–1

[19] परिपत्र कमांक 81/2009–10/30/15/502 इन्दौर दिनांक 9.12.2009 एवं परिपत्र कमांक81/2009–10/30/15/588 इन्दौर दिनांक : 26.10.2010

पंजीकृत व्यवसायी द्वारा आगत कर छूट का दावा या स्वीकृति निर्धारित प्रतिबन्धों और शर्तों के साथ दी जाएगी।

हमने देखा कि पूर्व अनुच्छेदों में चर्चा किये गये मुद्दे यह तथ्य स्थापित करते हैं कि विभाग में प्रचलित प्रणाली से सभी प्रकरणों का आगत कर छूट प्रमाणीकरण ठोस रूप में संभव नहीं है।

निर्गम सम्मेलन के दौरान, आगत कर छूट प्रमाणीकरण तंत्र के विफल होने पर विभाग ने बताया (अक्टूबर 2015) कि 2013–14 के बाद के सभी आगत कर छूट प्रकरणों का दोहरा प्रमाणीकरण किया गया, इसके लिए एक विशेष प्रकोष्ठ बनाया जा चुका है तथा प्रत्येक व्यवसायी के ऑन लाइन विवरणी भरने से यह संभव हो सका है।

निष्पादन लेखा परीक्षा के अंतर्गत लाए गए प्रकरणों में प्रचलित प्रणाली की कार्य प्रणाली से आगत कर छूट, प्रमाणीकरण और स्वीकृत करने के परिप्रेक्ष्य में सुनिश्चित नहीं किया जा सका।

हम अनुशंसा करते हैं कि शासन/विभाग को आगत कर छूट स्वीकृत करने के पहले दस्तावेजों और अंकेक्षित खातों से क्रय को प्रमाणित/प्रतिस्थापित करना सुनिश्चित करना चाहिए।

2.2.17 अंतर्राज्यीय व्यापार में उद्घोषणा पत्रों का अनियमित उपयोग

अंतर्राज्यीय व्यापार में उद्घोषणा पत्रों के उपयोग न करने या अनुचित फार्म का उपयोग करने के प्रकरणों में कर की दर में छूट/आंशिक की गलत स्वीकृति दी गयी। परिणामस्वरूप ₹ 22.56 करोड़ का कम/त्रुटिपूर्ण करारोपण नही हुआ।

सी.एस.टी. अधिनियम और नियमों के अंतर्गत बनाए गए प्रावधानों के अनुसार, अंतर्राज्यीय व्यापार में पंजीकृत व्यवसायी निर्धारित घोषणापत्र फार्म–सी, ई–I/ई–II और फार्म–एफ को प्रस्तुत करने पर करों की छूट/आंशिक छूट की पात्रता द्वारा रखते हैं।

राज्य शासन, इन घोषणा पत्रों को प्रस्तुत करने पर व्यवसायियों को व्यापार को उन्नत करने हेतु प्रोत्साहन प्रदान करती है। अंतर्राज्यीय व्यापार के दौरान कर निर्धारण करते समय, कर निर्धारण अधिकारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उचित और वैध संवैधानिक पत्र जिसको राज्य के सम्बन्धित अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, के आधार पर ही कर की रियायती दर पर स्वीकृति की जानी चाहिए अन्यथा अंतर्राज्यीय व्यापार करने पर मध्य प्रदेश वैट अधिनियम में दी गयी कर की दर से वस्तु की बिक्री पर कर लगेगा।

सी.एस.टी. अधिनियम की धारा 8 सहपठित सी.एस.टी. (रजिस्ट्रेशन और टर्नओवर 1956) के नियम 12 के अनुसार, अंतर्राज्यीय वस्तु की बिक्री पर फार्म ''सी'' प्रस्तुत करने पर अप्रैल 2008 से मई 2008 में तीन प्रतिशत की दर एवं जून 2008 से दो प्रतिशत की दर से कर लगा है तथा सी.एस.टी. अधिनियम की धारा 6–ए के अंतर्गत प्रेषण बिक्री (शाखा स्थानान्तरण) पर फार्म एफ को प्रस्तुत करने पर कर भुगतान करने से छूट मिलेगी। संवैधानिक पत्र और सम्बन्धित कागजात प्रस्तुत न करने पर अधिनियम में दिए गए इन माल पर कर की दर से करारोपण होगा।

इसी प्रकरण, सी.एस.टी. एक्ट की धारा 6(2) के अंतर्गत पारगमन बिक्री पर (ऐसे माल के एक राज्य से दूसरे राज्य में, इस तरह के वस्तु के मालिकाना हक के दस्तावेजों के हस्तांन्तरण द्वारा प्रभावित) फार्म ई–I/II और फार्म ''सी'' प्रस्तुत करने पर कर से मुक्त रहेगा।

2.2.17.1 बिना फार्म और दोषपूर्ण फार्म के आंशिक/पूर्ण छूट स्वीकृत की।

बिना ''सी'' फार्म एवं दोषपूर्ण सी/एफ फार्म के अंतर्राज्यीय सकल आवर्त ₹ 267.22 करोड़ का कर निर्धारण किया गया। परिणामस्वरूप 28 व्यवसाइयों के 29 प्रकरणों में ₹ 1.22 करोड़ की शास्ति सहित ₹ 11.86 करोड़ का कम करोरोपण हुआ।

अक्टूबर 2014 से जून 2015 के सात संभागीय कार्यालयों[20] और 10 वृत्त कार्यालयों[21] के 1,864 में से 1,629 कर निर्धारण प्रकरणों की नमूना जाँच की और पाया कि 2010–11 से 2012–13 की अवधि के 28 व्यवसायियों के 29 प्रकरणों का कर निर्धारण अगस्त 2012 से फरवरी 2015 के मध्य ''सी''/''एफ'' फार्म बिना प्रस्तुत किये बिना/दोषपूर्ण''सी''/''एफ'' फार्म करने पर भी छूट देते हुए अंतर्राज्यीय विक्रय की सकल राशि ₹ 267.72 करोड़ का कर निर्धारण किया गया।

बीस प्रकरणों में व्यवसाइयों ने बिना ''सी''/''एफ'' फार्म जमा किये कर की छूट/आंशिक छूट की सुविधा प्राप्त की। इसी प्रकार, नौ प्रकरणों में व्यवसाइयों द्वारा प्रस्तुत किये गये ''सी''/''एफ'' फार्म पूर्ण रूप[22] से नहीं भरे गये और न ही क्रय व्यवसायी/एजेंट द्वारा विशिष्ट प्रविष्टियां और हस्ताक्षर किये गये इसके बावजूद व्यवसायी द्वारा सी.एस.टी. अधिनियम के अंतर्गत कर की रियायती दर की सुविधा प्राप्त की गयी। परिणामस्वरूप ₹ 1.22 करोड़ की शास्ति सहित ₹ 11.86 करोड़ का कम करारोपण हुआ इसका वर्णन परिशिष्ट –IX में दिया गया है।

निर्गम सम्मेलन के दौरान, विभाग ने बताया (अक्टूबर 2015) कि त्रुटियों को सुधारने के लिए ऑनलाइन प्रणाली के द्वारा फार्म उत्पन्न किये गये और कर निर्धारण किया गया। यह भी बताया कि लेखापरीक्षा की आपत्तियों का उचित समय में उत्तर दिया जाएगा। अभी तक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है (नवम्बर 2015)।

2.2.17.2 निर्धारित अवधि से पश्चात् के लेन–देन से संबंधित उद्घोषणा पत्रों का प्रयोग

निर्धारित अवधि के बाद के लेन देनों से संबंधित उद्घोषणा पत्रों (सी और एफ) स्वीकार किये गये और रियायती पर कर का करारोपण किया गया जिससे ₹ 83.31 लाख रुपये का कम करारोपण हुआ।

नवम्बर 2014 और जून 2015 के मध्य दो संभागीय कार्यालय (भोपाल–I और रतलाम), एक क्षेत्रीय कार्यालय (भोपाल–I) और आठ वृत्त कार्यालयों[23] में 1,106 कर निर्धारण प्रकरणों में 964 प्रकरणों की हमने नमूना लेखा परीक्षा की और पाया कि 2008–09 से 2012–13 की अवधि के मई 2011 से मार्च 2015 के 20 व्यवसाइयों के 20 प्रकरणों का कर निर्धारण किया गया, कर निर्धारण में निर्धारित अवधि के बाहर के उद्घोषणा पत्र

---

[20] **संभागीय कार्यालय**(7) : भोपाल टेक्स आडिट,भोपाल–1, इंदौर टेक्स आडिट–1, इंदौर–1 जबलपुर–2 रतलाम और सतना

[21] **वृत्त कार्यालय**(10) : भोपाल–1, ग्वालियर–1, ग्वालियर–2, इंदौर–7, इंदौर–9, इंदौर–11, इंदौर–12, इंदौर–13, खरगौन और रतलाम–1

[22] ''सी'' फार्म के प्रकरणों में: दिनांक जहाँ से पंजीयन वैध है, जारी करने वाले प्राधिकरी की मुद्रां, माल क्रय करने का उद्देश्य पंजीयन क्रं. तथा दिनांक, क्रय करने वाले व्यवसायी का नाम पंजीयन क्रं. के साथ, क्रय करने वाले व्यवसायी के हस्ताक्षर इत्यादि।
''एफ'' के प्रकरण में: दिनांक जहाँ से पंजीयन वैध है, जारी करने वाले प्राधिकारी की मुद्रां, माल का विवरण तथा मात्रा , दिनांक तथा अंतरण कर्त्ता। अंतरिति का पंजीयन क्रं., अंतरण कर्ता तथा अंतरिति का नाम तथा पंजीयन क्रं. अंतरिति के हस्ताक्षर, माल की सुपुर्दगी का दिनांक इत्यादि।

[23] **वृत्त कार्यालय**(8) : भोपाल–1, देवास, इंदौर–11, इंदौर–12, इंदौर–13, इंदौर–14, सेंधवा और उज्जैन–1

(सी और एफ) स्वीकार किये गये और सकल आवर्त पर रियायती दर से करारोपण किया गया।

यह सी.एस.टी. एक्ट की धारा–8 सहपठित म.प्र. (केन्द्रीय) नियम के नियम–12 का उल्लंघन था, जिसके अनुसार उद्घोषणा पत्र ''सी'' फार्म को त्रैमासिक अवधि में प्रस्तुत करना है तथा उपनियम के अनुसार एक उद्घोषणा पत्र ''सी'' फार्म में किसी वित्तीय वर्ष की एक त्रैमासिकी के समान उन्ही क्रेता और विक्रेता के बीच के सभी लेन–देन शामिल रह सकते हैं। इसी प्रकार फार्म ''एफ'' का उपयोग मासिक आधार पर होता है और एक घोषणापत्र में किसी एक विशेष माह के लेन–देन शामिल होते हैं। इसके परिणामस्वरूप ₹ 83.31 लाख का कम करारोपण हुआ जो परिशिष्ट **–X** में दिया गया है।

निर्गम सम्मेलन के दौरान, विभाग ने बताया (अक्टूबर 2015) कि गलतियों को सुधारने, फार्म उत्पन्न करने के लिए कर निर्धारण का कार्य ऑनलाइन किया गया। यह भी बताया गया कि निर्धारित अवधि में लेखा परीक्षा की आपत्तियों का उत्तर प्रस्तुत किया जाएगा। उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।(नवम्बर 2015)

2.2.17.3 सी.एस.टी. अधिनियम की धारा 6(2) के अंतर्गत पारगमन विक्रय पर अनियमित छूट

सी.एस.टी. अधिनियम की धारा 6(2) के अंतर्गत पारगमन विक्रय ₹ 229.21 करोड़ को कटौती की अनियमित स्वीकृति के परिणामस्वरूप ₹ 9.33 लाख के शास्ति सहित ₹ 9.87 करोड़ का कम करारोपण हुआ।

हमने अक्टूबर 2014 और जून 2015 के मध्य तीन संभागीय कार्यालय (भोपाल–II, जबलपुर–II और इंदौर–I) और दो वृत्त कार्यालय (इंदौर–IX और इंदौर–XII) के 215 कर निर्धारण प्रकरणों में से 99 प्रकरणों की नमूना जांच की और पाया कि 2009–10 से 2010–11 की अवधि के जून 2012 से सितम्बर 2013 के छः व्यवसाइयों के सात प्रकरणों का कर निर्धारण किया गया जिसमें केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम 1956 की धारा 6(2) के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया था।

तीन व्यवसायी के चार प्रकरणों में पारगमन विक्रय को कटौती की अनियमित स्वीकृति प्रदान की गयी जबकि वस्तु के अधिकार सम्बन्धी दस्तावेज क्रेता के पक्ष में नहीं थे। परिणामस्वरूप ₹ 9.46 करोड़ कम करारोपण हुआ। इसी प्रकार तीन व्यवसायियों के तीन प्रकरण सकल विक्रय ₹ 13.76 करोड़ ई–1 सी फार्म से समर्थित नहीं थे। व्यवसायी उनके द्वारा ली गई कर की छूट के पात्र नही थे। व्यवसायियों द्वारा ई–1 और सी फार्म प्रस्तुत न किये जाने पर भी कर निर्धारण अधिकारी द्वारा कटौती की छूट प्रदान की गयी, जिसके कारण ₹ 9.33 लाख शास्ति सहित ₹ 41.58 लाख रुपये का कम करारोपण हुआ जिसको कि तालिका 2.6 में नीचे दिखाया गया है।

तालिका 2.6

(राशि ₹ में)

क्र.	इकाई का विवरण	व्यवायी का नाम टिन, प्रकरण क्र.	कर निर्धारण की अवधि/माह	ट्रांजिट सेल स्वीकृति/स्वीकारयोग्य	ट्रांजिट सेल की राशि जिस पर आपत्ति ली गई	राशि कर/शास्ति की राशि	कुल
1.	संभागीय उपायुक्त–I वा.क.इंदौर	मै.जेपलिन मोबाइल इण्डिया 23131504267 296/10	2009–10 जून 2012	450700980 0	45070098	901402 0	901402
2.	सं.उपा.वा. क.–II भोपाल	मै.सुनील हाई टेक इंजी.लि. बेतूल 23544704217 44/2011 वैट 38/2011 सी. एस.टी.	2010–11 सितम्बर 2013	118635410 0	118635410	4745416 0	4745416
3.	सं.उपा.वा. क.–II भोपाल	मै.हाइप्रो पावर कार्पोरेशन लि. बेतुल 23684705692 21/2011 सी. एस.टी.	2010–11 सितम्बर 2013	1157081365 0	1157081365	80676280 0	80676280
4.	सं.उपा.वा. क.–II भोपाल	मै.हाइप्रो पावर कार्पोरेशन लि. बेतुल 23684705692 21/2011 ई.टी.	2010–11 सितम्बर 2013	826510373 0	826510373	8265103 0	8265103
		योग (ए)		**2147297246**	**2147297246**	**94588201**	**94588201**
5.	वृत्त–IX इंदौर	मै.पराग इंटरप्राइजेज 23890902352/ सी.एस. 0000000011737	2010–11 मई 2013	9581125 7189505	2391621	310910 932730	1243640
6.	वृत्त–XII इंदौर	मै.यूनियन इंटरप्राइजेज 23601204812 सी.एस. 000000074952 सी.एस.टी.	2010–11 सितम्बर 2013	6972550 0	6972550	348628 0	348628
7.	सं.उपा.वा. क.जबलपुर	मै. महावीर कोल रिसोर्सेज प्रा.लि. 23787206297 2/11 सी.एस. टी.	2010–11 सितम्बर 2013	128298387 0	128298387	2565968 0	2565968
		योग (बी)		**144852062 7189505**	**137662558**	**3225506 0**	**4158236**
	कुल योग (ए + बी)			**2292149308**	**2292149308**	**97813707 0**	**98746437**

निर्गम सम्मेलन के दौरान, विभाग ने बताया कि (अक्टूबर 2015) त्रुटियों को सुधारने के लिए ऑनलाइन प्रणाली के अंतर्गत फार्म उत्पन्न किये गये और कर निर्धारण किया गया। यह भी बताया कि लेखा परीक्षा की आपत्तियों का निर्धारित समय में उत्तर दिया जाएगा। अभी तक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ (नवम्बर 2015)।

हम अनुशंसा करते हैं कि अंतर्राज्यीय व्यापार में उद्घोषणा पत्रों को प्रस्तुत करने पर उसके प्रमाणीकरण के लिए पूर्ण रूप से भरे होना सुनिश्चित किया जाए।

2.2.18 निर्धारित किये गये कर के विरुद्ध टी.डी.एस. का अनियमित समायोजन

कर निर्धारण अधिकारी ने सोयाबीन और कपास की बिक्री में निर्धारित किये गये कर में से एक कैलेण्डर माह से ज्यादा अवधि के लेन–देनों के टी.डी.एस. प्रमाण–पत्रों के टी.डी.एस. समायोजन की स्वीकृति दी। इसके परिणाम स्वरूप ₹ 4.45 करोड़ टी.डी. एस. का अनियमित समायोजन हुआ।

हमने अक्टूबर 2014 और जून 2015 के मध्य दो संभागीय कार्यालय (टैक्स ऑडिट विंग भोपाल और इंदौर–I), तीन क्षेत्रीय कार्यालय (भोपाल–I, II और सागर–II) और आठ वृत्त कार्यालयों[24] में 4304 कर निर्धारण प्रकरणों में से 4,226 प्रकरणों की नमूना लेखा परीक्षा की और पाया कि 2009–10 से 2012–13 की अवधि के फरवरी 2013 से फरवरी 2015 के मध्य 39 व्यवसाइयों के 40 निर्धारित प्रकरणों में कर निर्धारण अधिकारी ने एक कैलेण्डर माह से अधिक की अवधि के लेन–देनों से सम्बन्धित टी.डी. एस. प्रमाण–पत्रों का अधिसूचित वस्तुओं[25] की बिक्री में निर्धारित कर के विरूद्ध टी.डी. एस. समायोजन की स्वीकृति प्रदान की।

यह म.प्र. वैट अधिनियम की धारा 26–ए के प्रावधानों का उल्लंघन था, जिसमें एक कैलेण्डर माह की अवधि के लेन–देन के लिए टी.डी.एस. प्रमाण–पत्र प्रभावशील होगा। इसके परिणामस्वरूप, ₹ 4.45 करोड़ के टी.डी.एस. का अनियमित समायोजन हुआ जिसका विवरण **परिषिष्ट–XI** में दिया गया है।

निर्गम सम्मेलन के दौरान, विभाग ने बताया (अक्टूबर 2015) की सम्बन्धित व्यवसाइयों से संशोधित टी.डी.एस. प्राप्त किये जा रहे है। उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है (नवम्बर 2015)

2.2.19 पूर्ण दस्तावेजों के अभाव में प्रकरणों का कर निर्धारण

अंकेक्षित खातों के साथ आवश्यक कागजात, अनिवार्य रूप से सम्बन्धित प्रपत्र और सही/पूर्ण उद्घोषणा पत्र सकल विक्रय निर्धारित करने आई.टी.आर और कोई दूसरे छूट यदि कोई हो का दावा, कर निर्धारण में सत्यापित करने हेतु आवश्यक है यद्यपि देखा गया है कि कर निर्धारण अधिकारी ने आवश्यक दस्तावेज न होने पर भी कर निर्धारण किया जिसका वर्णन नीचे किया गया है।

2.2.19.1 प्रमाणिक अंकेक्षित खातों का प्रस्तुत नहीं किया जाना

कर निर्धारण अधिकारी द्वारा सकल आवर्त ₹ 1,380.21 करोड़ के 33 प्रकरणों का खातों में दिखाये गये आंकड़ों के आधार पर कर निर्धारण किया जबकि खाते सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित नहीं किये गये थे। यद्यपि 33 व्यवसाईयो के 30 प्रकरणों में न्यूनतम ₹ 10,000 का शास्ति आरोपित किया गयी जो कि व्यवसायी द्वारा अंकेक्षित खातों को प्रस्तुत न करने के लिए हतोत्साहितकरने हेतु पर्याप्त नही था।

हमने नवम्बर 2014 और जून 2015 के मध्य चार संभागीय कार्यालय[26] और आठ वृत्त कार्यालयों[27] के 840 कर निर्धारण प्रकरणों में से 677 प्रकरणों की नमूना जांच की और पाया कि 2009–10 से 2012–13 की अवधि के जून 2012 से मार्च 2015 के मध्य निर्धारित 33 व्यवसाइयों के 33 प्रकरणों का व्यवसायीयो द्वारा (सी.ए.) से प्रमाणित अंकेक्षित खाते की रिपोर्ट नहीं प्रस्तुत की गयी।

---

24 **कार्यालय**(8) : भोपाल–3, देवास, ग्वालियर–2,इंदौर–10,इंदौर–14, खरगौन, मंडीदीप और सेंधवा

25 सोयाबीन, सरसों एवं कपास

26 **संभागीय कार्यालय**(4) : भोपाल–2, इंदौर–1, इंदौर टेक्स आडिट–1, और रतलाम

27 **वृत्त कार्यालय**(8) : भोपाल–1, भोपाल–5,,इंदौर–11,इंदौर–12,इंदौर–13,इंदौर–14, रतलाम, और बैढ़न

तथापि कर निर्धारण अधिकारी द्वारा सकल आवर्त ₹ 1,380.21 करोड़ के इन प्रकरणों का खातों में दिखाये गये जिन आंकड़ों के आधार पर कर निर्धारण किया गया वह खाते सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित नहीं किये थे।

यद्यपि, ऊपर बताये गये प्रकरणों में से 30 प्रकरणों पर शास्ति आरोपित की मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा–39 के अंतर्गत प्रत्येक व्यवसायी जिसका सकल आवर्त एक वर्ष में एक करोड़ रुपये से अधिक[28] होता है उसको अपने खातों को सनदी लेखाकार से अंकेक्षित कराना चाहिए और रिपोर्ट को निर्धारित तरीके से और निर्धारित समय पर प्रस्तुत करना चाहिए। अधिनियम के अनुसार, दिये गये प्रावधानों का पालन नहीं किये जाने पर ₹ 10,000 या वर्ष की विक्रय राशि का 0.1 प्रतिशत जो भी कम हो, की शास्ति व्यापारी पर लगाया जाएगा। यद्यपि व्यवसायी द्वारा अंकेक्षित खाते प्रस्तुत न करने पर कवल न्यूनतम राशि ₹ 10,000 का शास्ति आरोपित करना व्यवसायी को हतोत्साहित करने हेतु पर्याप्त नही है।

निर्गम सम्मेलन में (अक्टूबर 2015), विभाग ने आपत्तियों को स्वीकारा और आश्वासन दिया कि यदि लापरवाही की गयी तो अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत उचित कार्यवाही की जाएगी और आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे। इसके आगे अभी तक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ (नवम्बर 2015)।

हम अनुशंसा करते हैं कि सजा के प्रावधान कठोर करने के लिए विभाग को शास्ति की राशि बढ़ानी चाहिए, ताकि अंकेक्षित खाते प्रस्तुत न करना हतोत्साहित प्रभाव करने वाला हो।

2.2.19.2 अंकेक्षित खाते में प्रारम्भिक स्कंध और अंतिम स्कंध में विभाजन न करना और क्रय तथा विक्रय का गलत वर्गीकरण करना।

35 व्यवसाइयों के 37 प्रकरणों में प्रारम्भिक स्कंध और अंतिम स्कंध में मद/वस्तुवार में उचित कर अनुपालन कियो बिना और क्रय तथा विक्रय का सही वर्गीकरण सुनिश्चित किये बिना कर निर्धारण किया गया।

हमने नवम्बर 2014 और मार्च 2015 के मध्य दो संभागीय कार्यालय (इंदौर–I और रतलाम), एक क्षेत्रीय कार्यालय (भोपाल–I) और 11 वृत्त कार्यालयों[29] में 861 कर निर्धारण प्रकरणों में से 796 प्रकरणों की नमूना लेखा परीक्षा की और पाया कि 2009–10 से 2012–13 की अवधि के जून 2012 से फरवरी 2015 के मध्य निर्धारित 35 व्यवसाइयों के 37 प्रकरणों में अंकेक्षित खाते में कि प्रारम्भिक स्कंध और अंतिम स्कंध में विभाजन और सही वर्गीकरण के साथ विक्रय नहीं दिखाया गया जबकि मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा–39 के अंतर्गत यह आवश्यक था।

यद्यपि, कर निर्धारण बिना उचित कर, अनुपालन के किया गया प्रारम्भिक और अंतिम स्कंध में मद/वस्तुवार से विभाजन और सही वर्गीकरण के साथ क्रय और विक्रय को कर निर्धारित करने में प्रदर्शित किया जाना चाहिए क्योंकि गलत वर्गीकरण दुष्प्रभाव से सकते हैं जिनको पूर्व के परिच्छेदों में बताया जा चुका है।

निर्गम सम्मेलन के दौरान (अक्टूबर 2015), विभाग ने आपत्तियां स्वीकार की और आश्वासन दिया कि यदि ऐसी गलतियां की जाती है तो अधिनियम के नियमों के अंतर्गत उचित कार्यवाही कर आवश्यक निर्देश जारी किये जायेंगे।

इसके आगे उत्तर अभी तक प्राप्त नहीं हुआ (नवम्बर 2015)।

---

28 दि.09.08.2010 तक ₹ 40 लाख और दि.10.08.2010 से 31.03.2011 ₹ 60 लाख

29 **वृत्त कार्यालय**(11) : भोपाल–1,भोपाल–3, ग्वालियर–2, इंदौर–7,इंदौर–9,इंदौर–10, इंदौर–11,इंदौर–12,इंदौर–13,रतलाम–1,,और सेंधवा,

2.2.19.3 फार्म–49 प्रस्तुत न करना।

कर निर्धारण अधिकारी ने कर निर्धारण करते समय यह सुनिश्चित नहीं किया कि फार्म–49 चेक पोस्ट से प्राप्त किये गये और संबंधित नस्ती में रखे गये ताकि वस्तुओ के मध्यप्रदेश राज्य में आयात या राज्य से निर्यात करने के दौरान कर चोरी रोकी जा सकें।

मध्यप्रदेश राज्य में वस्तुओं के आयात या राज्य के बाहर निर्यात करने पर कर अपवंचन को रोकने के उद्देश्य से वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा अधिसूचित वस्तु के लिए उद्घोषणा पत्र फार्म–49 धारा 57(2) के अंतर्गत निर्धारित है। चेक पोस्ट द्वारा प्रमाणित फार्म–49 प्राप्त किये जाने के बाद व्यवसायी की प्रकरण नस्ती में रखे जाने चाहिए जिससे कि विभाग के नियमानुसार माल का भौतिक सत्यापन प्रमाणित किया जा सके। अधिसुचना[30] के अनुसार, प्रत्येक प्रकरण नस्ती में फार्म–49 विवरणियों के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किये जाने चाहिए जिससे कि राजस्व हित में भविष्य में किसी भी संवीक्षा के लिए यह स्वतः में ही पर्याप्त हो। प्रकरणों के कर निर्धारण नस्ती में यह बताया जाना चाहिए कि व्यवसायी के क्रय तथा विक्रय को फार्म–49 (चेक पोस्ट से प्राप्त होने पर) में दिये विवरण से सत्यापित/मिलान कर लिया गया है।

हमने अक्टूबर 2014 और मार्च 2015 के मध्य तीन संभागीय कार्यालयों से (भोपाल–I, II और इंदौर–I) और आठ वृत्त कार्यालयों[31] में 3,628 कर निर्धारण प्रकरणों में से 3,392 प्रकरणों की नमूना लेखा परीक्षा की और पाया कि 2009–10 से 2012–13 की अवधि के मध्य जून 2012 से फरवरी 2013 के 31 व्यवसाइयों के 32 प्रकरणों में कर निर्धारण अधिकारी ने कर निर्धारण करते समय प्रकरणों में यह सुनिश्चित नहीं किया कि संबंधित कागजात जैसे फार्म–49 चेक पोस्ट से प्राप्त किये गये और नस्तीयों में लगाए गए। इन आधारभूत कागजातों के अभाव में, प्रदेश के बाहर की क्रय (वस्तु और मात्रा) का व्यवसायी द्वारा प्रस्तुत अभिलेख/विवरणियों से मिलान नहीं किया जा सका।

निर्गम सम्मेलन के दौरान, विभाग ने बताया (अक्टूबर 2015) कि यह कार्य अब कम्प्यूटरीकृत प्रणाली सिस्टम के अंतर्गत किया जा रहा है क्योंकि राज्य में माल प्रवेश करते समय चेक पोस्ट पर फार्म–49 के साथ इलेक्ट्रॉनिकली प्रविष्टि होती है और यह अधिकारियों के विश्लेषण के लिए इलेक्ट्रॉनिकली उपलब्ध रहती है।

2.2.20 आंतरिक नियंत्रण तंत्र

2.2.20.1 आंतरिक लेखापरीक्षा का अभाव

आंतरिक लेखापरीक्षा आंतरिक नियंत्रण तंत्र का अति आवश्यक घटक है और यह कानून के नियमों और विभागीय निर्देशों को यथोचित लागू कराना सुनिश्चित करता है। यह त्वरित सेवाओं के लिए आवश्यक वित्तीय और प्रबन्धकीय सूचना तंत्र को बढ़ाने में मदद करता है, कर अपवंचन, अधिक वसूली तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने में सहायता प्रदान करता है अतः यह आंतरिक नियंत्रण तंत्र का महत्वपूर्ण घटक है।

लेखापरीक्षा में प्रकट हुआ कि वाणिज्यिक कर विभाग में आंतरिक लेखापरीक्षा विंग उपस्थित नहीं था। पूर्व लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में इसका उल्लेख किया गया था तब भी आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली स्थापित नहीं की गयी।

विभाग ने स्वीकार किया (अप्रैल 2015) कि वाणिज्यिक कर विभाग में अलग से कोई आंतरिक लेखापरीक्षा विंग नहीं है।

---

30 परिपत्र क्र./सी.टी./वैट/15/06/1/टे/294 इंदौर दिनांक 02.08.2006 और परिपत्र क्र. 4/2012–13/30/15/300 दिनांक 27.04.2012

31 **वृत्त कार्यालय**(8) : भोपाल–1,भोपाल–3,भोपाल–5,,ग्वालियर–2, इंदौर–9,इंदौर–12,इंदौर–13,और बेढ़न

2.2.20.2 अधिनियम की धारा–19 के अंतर्गत कर लेखापरीक्षा में मानदण्ड का अनुपालन न किया जाना।

कर लेखापरीक्षा के चयनित प्रकरणों की जानकारी ना तो वाणिज्यिक कर आयुक्त ने प्रदान की और ना ही कर लेखापरीक्षा भोपाल और इन्दौर कार्यालयों के पास उपलब्ध थी। साथ ही कर लेखापरीक्षा निर्धारित समय अवधि में इसे पूर्ण नही किया गया।

मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 19 के अंतर्गत कर लेखापरीक्षा में निर्धारित मापदण्डों के आधार पर प्रकरणों का यादृच्छिक चयन किया जाएगा। कर लेखापरीक्षा में प्रकरणो के चयन के तरीको न मानना (अनुपालन न होना) और आयुक्त वाणिज्यिक कर द्वारा जारी परिपत्रों[32] के अनुसार 2 संभागीय उपायुक्त हिन्दी कार्यालय भोपाल और इंदौर–Iकमिश्नर के द्वारा तय किये गये मापदंण्ड/उद्देश्य के आधार पर प्रत्येक वर्ष हिन्दी के लिये चयनित इकाइयों की सूची जारी की जाती है, जो न संभागीय कार्यालय में उपलब्ध थी और न ही आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलबध करायी गयी। उपायुक्त कर लेखापरीक्षा भोपाल और इंदौर ने यह सूचना दी कि कर लेखापरीक्षा के प्रकरणों का चयन आयुक्त कार्यालय से किया जाता है। यद्यपि आयुक्त कार्यालय ने लेखापरीक्षा को आवश्यक जानकारी नहीं दी। अतः निष्पादन लेखापरीक्षा में यह सुनिश्चित नही किया जा सका कि चयनित प्रकरण कर लेखापरीक्षा हेतु लिए गये।

कर लेखापरीक्षा के लिए उपलब्ध प्रकरणां की वर्षवार स्थिति तथा उपायुक्त टैक्स ऑडिट इन्दौर–1 और भोपाल द्वारा वर्ष 2012–13, 2013–14 और 2014–15 के दौरान टैक्स ऑडिट में नहीं लिए गये प्रकरण **तालिका 2.7** में नीचे दर्शाये गये हैं।

तालिका 2.7

वर्ष	टैक्स ऑडिट विंग का नाम	वर्ष के प्रारम्भ में प्रकरणों की संख्या	वर्ष में प्राप्त प्रकरण	वर्ष के दौरान टैक्स ऑडिट के लिए उपलब्ध प्रकरण	वर्ष के दौरान लेखा परीक्षित प्रकरणों की संख्या	वर्ष के दौरान लेखा परीक्षा नहीं किये गये प्रकरणों की संख्या	उपलब्ध प्रकरणों के सापेक्ष लेखा परीक्षा न किये गये प्रकरणों का प्रतिशत
2012–13	इंदौर–I	187	567	754	594	160	21.22
	भोपाल	314	1840	2154	541	1613	74.88
2013–14	इंदौर–I	160	929	1089	722	367	33.70
	भोपाल	1613	1062	2675	2318	357	13.34
2014–15	इंदौर–I	367	159	526	456	70	13.30
	भोपाल	357	560	917	615	302	32.92
योग		**2998**	**5117**	**8115**	**5246**	**2869**	

(स्त्रोत : विभाग से प्राप्त सूचना के आधार पर)

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि वर्ष 2012–13, 2013–14, 2014–15 की अवधि में कर लेखापरीक्षा विंग द्वारा 13.30 प्रतिशत से लेकर 74.88 प्रतिशत प्रकरणों की लेखापरीक्षा नहीं की गयी।

चयनित इकाइयों की सूची उपलब्ध नहीं होने से लेखापरीक्षा मे यह आस्वासित नहीं किया जा सका कि आयुक्त, वाणिज्यिक कर द्वारा निर्धारित किये गये चयनित मापदण्डों का सही ढंग से पालन किया गया।

[32]आयुक्त वाणिज्यिक कर विभाग इंदौर परिपत्र क्र. 15/06/वैट/187 इंदौर दिनांक 21.06.2006

विभाग ने बताया कि (जून 2015) टैक्स ऑडिट के लिए चयनित/ सूची इकाइयों के चयन के लिए तय करने का आधार उपलबध नहीं है। यह बताया गया कि सूचना एकत्रित करके लेखापरीक्षा को प्रस्तुत कर दी जाएगी।

निर्गम सम्मेलन के दौरान, विभाग ने बताया (अक्टूबर 2015) कि मापदण्डो के अनुसार चयनित इकाइयाँ के लेखा परीक्षा को उपलब्ध कराई जाएगी और कम प्रकरणों की गयी लेखापरीक्षा के लिए यह बताया गया कि विभागीय समस्या और कर्मचारियों की संख्या कम होने से सभी चयनित किये गये प्रकरण की लेखापरीक्षा टैक्स ऑडिट में नहीं की जा सकी है।

2.2.20.3 विभागीय नियमावली का अभाव

नियमावलीवेट के अन्तर्गत कर निर्धारण करने की कार्यविधि का खाका और सही दिशा निर्देश का पालन कराती है। नियमावली, कर निर्धारण अधिकारी को व्यवसाइयों का कर निर्धारित करने नीति निर्धारण करने, साधारण नियम और प्रक्रियाओं का पालन कराने में मार्गदर्शक है। नियमावलीप्रभावी नियंत्रण के लिए आंतरिक नियंत्रण की रूपरेखा तैयार करती है।

हमने देखा कि वाणिज्यिक कर विभाग में कोई नियमावलीनहीं था जिससे कि वाणिज्यिक कर विभाग की पूरी कार्यशैली में नियंत्रण न होने का जोखिम है।

निर्गम सम्मेलन के दौरान, विभाग ने बताया (अक्टूबर 2015) की एक संस्था के माध्यम से नियमावलीतैयार करने की प्रकियाजारी है जिसे जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा।

हम अनुशंसा करते हैं कि विभाग को, आंतरिक लेखा परीक्षा विंग बनाकर विभाग की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करना चाहिए है और विभागीय नियमावली को पूर्ण करना चाहिए जिससे की वैट निर्धारण के अंतर्गत नीति, सामान्य नियमों और प्रक्रियाओं के पालन की रूपरेखा निर्धारित हो सकें।

2.2.21 निष्कर्ष और अनुशंसाए

निष्पादन लेखा परीक्षा में निम्नलिखित प्रकट हुआ :–

- व्यवसाईयों के प्रकरण नस्तियों में उपलब्ध अंकेक्षित खातों/अन्य अभिलेखों में दर्ज सकल विक्रय के विरूद्ध कर योग्य सकल विक्रय का निर्धारण करने में मध्य प्रदेश वेट अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन नही किया तथा त्रूटिपूर्ण दरों का अनुप्रयोग किया जिससे ₹ 154.69 करोड़ के राजस्व की हानि हुई।

- **अनुशंसा** : हम अनुशंसा करते है कि राजस्व हानि को रोकने हेतु अधिनियम/नियमों के प्रावधानों को सर्तकतापूर्वक लागू किया जाए। साथ ही कठोर व्यवस्था बनाए रखने हेतु उत्तरदायित्व तय किये जाये जिससे कि कर निर्धारण प्रकरणों में प्रभावपूर्ण ढंग से हानि रोकी जाए।

- कर निर्धारण अधिकारी द्वारा अंकेक्षित खातों के क्रय से अधिक के क्रय पर आई टी.आर.स्वीकृत किया, आई.टी.आर. की छूट प्राप्त न करने वाले वस्तु पर आई.टी.आर. और स्टॉक स्थानांतरण में आई.टी.आर. का नॉन रिवर्सल/कम रिवर्सल और विक्रेता व्यवसाइयों से क्रय का प्रमाणित न करने के कारण ₹ 10.36 करोड़ के आई.टी.आर. को स्वीकृत किया गयां वाणिज्यिक कर विभाग ने कार्य की समीक्षा हेतु ठोस प्रणाली नही बनाई ।

- **अनुशंसा :** हम अनुशंसा करते हैं कि शासन/विभाग को आगत कर छूट स्वीकृत करने के पहले दस्तावेजों और अंकेक्षित खातों से क्रय को प्रमाणित/प्रतिस्थापित करना सुनिश्चित करना चाहिए।

- कर निर्धारण अधिकारी द्वारा कर निर्धारण करने में ज्यादा गंभीरता नहीं दिखायी जिससे कई प्रकरणों में फार्म के बगैर और फार्म के गलत/अवैध/द्वितीय प्रति होने पर भी छूट प्रदान की गयी जो कि अधिनियम के प्रावधानों के विरूद्ध है परिणामस्वरूप ₹ 22.56 करोड़ का कम करारोपण हुआ।

अनुशंसा : हम अनुशंसा करते हैं कि अंतर्राज्यीय व्यापार में उद्घोषणा पत्रों को प्रस्तुत करने पर उसके प्रमाणीकरण के लिए पूर्ण रूप से भरे होना सुनिश्चित किया जाए।

- विभाग ने अनिवार्य रूप से जमा किये जाने वाले संवैधानिक रिपोर्ट/फार्म आदि को सुनिश्चित किये बिना कर निर्धारण किया तथा अंकेक्षित खाते न प्रस्तुत करने पर साधारण शास्ति का प्रावधान व्यवसाईयों के लिए पर्याप्त नही है।

अनुशंसा : हम अनुशंसा करते हैं कि सजा के प्रावधान कठोर करने के लिए विभाग को शास्ति की राशि बढ़ानी चाहिए, ताकि अंकेक्षित खाते प्रस्तुत न करना हतोत्साहित प्रभाव करने वाला हो।

- आंतरिक लेखा परीक्षा विंग न होने तथा विभागीय नियमावली के न होने से आंतरिक नियंत्रण अपूर्ण था। तदुपरांत कर लेखापरीक्षा के लिए आयुक्त, वाणिज्यिक विभाग द्वारा कर लेखापरीक्षा में चयनित प्रकरणों के लिए तय किए गए मापदण्ड का पालन नहीं किया गया।

- **अनुशंसा** : हम अनुशंसा करते हैं कि विभाग को, आंतरिक लेखा परीक्षा विंग बनाकर विभाग की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करना चाहिए है और विभागीय नियमावली को पूर्ण करना चाहिए जिससे की वैट निर्धारण के अंतर्गत नीति, सामान्य नियमों और प्रक्रियाओं के पालन की रूपरेखा निर्धारित हो सकें।

2.3 अन्य लेखापरीक्षा आपत्तियां :–

हमने वाणिज्यिक कर विभाग में मूल्य संवर्धन कर, केन्द्रीय विक्रय कर प्रवेश कर आदि के कर निर्धारण अभिलेखों की जांच की और पाया कि कई प्रकरणों में अधिनियम/नियमों के प्रावधानों का पालन न होना, कर का कम /अनारारोपण/ शास्ति/दण्ड, गलत कर की दर लगाना, कर योग्य टर्नओवर से गलत राशि हटाना, गलत छूट और अन्य प्रकरण जिन्हें इस अध्याय में आगे अनुच्छेदों में बताया गया है।

यह सभी प्रकरण उदाहरणात्मक है और हमारे द्वारा की गई नमूना जांच पर आधारित है। पूर्व की लेखापरीक्षा रिपोर्ट में कर निर्धारण अधिकारी द्वारा छोड़े गये इन बिन्दुओं को ध्यान में लाया गया था किन्तु न केवल इस तरह की अनियमितताएं लगातार होती रही बल्कि पकड़ में नहीं आ पायी जब तक लेखापरीक्षा पूर्ण नहीं हो गयी। यह सरकार के लिए आवश्यक है कि आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करे जिससे कि ऐसी छूट रोकी जा सके।

2.4 कर योग्य राशि का गलत निर्धारण

कर निर्धारण अधिकारी द्वारा ₹ 26.78 करोड़ की गलत कर योग्य राशि का निर्धारण किया गया जबकि व्यवसाइयों के अंकेक्षित खातों/विक्रय सूची/ सम्बन्धित रिकार्ड से ₹ 31.34 करोड़ का कर निर्धारण किया जाना था, परिणामस्वरूप, ब्याज और शास्ति की राशि ₹ 25.18 लाख सहित ₹ 54.75 लाख का कम करारोपण हुआ।

हमने जून 2013 और फरवरी 2015 के मध्य देखा कि दो संभागीय कार्यालय (इंदौर और जबलपुर) एक क्षेत्रीय कार्यालय (ग्वालियर) और नौ वृत्त कार्यालय[33] के 10,629 कर निर्धारण प्रकरणों में से 10,210 प्रकरणों की लेखापरीक्षा की गयी। 2009–10 और 2011–12 की अवधि के दिसम्बर 2011 और सितम्बर 2013 के मध्य 12 व्यवसाइयों के 12 प्रकरणों का कर निर्धारण किया गया। कर निर्धारण अधिकारी ने कर निर्धारण करते समय ₹ 26.78 करोड़ का गलत कर योग्य राशि का निर्धारण किया जबकि व्यवसाइयों के अंकेक्षित खातों/विक्रय सूची और प्रकरण में उपलब्ध अन्य रिकार्ड से ₹ 31.34 करोड़ का कर निर्धारण किया जाना था। यह मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 2(जेड) के प्रावधानों का उल्लंघन था, जिसके अनुसार आवर्त राशि का अर्थ व्यवसायी द्वारा माल के विक्रय या आपूर्ति करने में निश्चित अवधि के भीतर विक्रय वापसी और कमीशन को हटाकर प्राप्त धन राशि से है। इस प्रकार ₹ 4.86 करोड़ के आवर्त राशि का कर निर्धारण नहीं किया गया परिणामस्वरूप म.प्र. वैट अधिनियम की धारा 18(4) और धारा 21(2) के अंतर्गत ₹ 25.18 लाख के ब्याज और शास्ति सहित ₹ 54.75 का कम करारोपण रहा **(परिषिष्ट–XII)**।

उदाहरण स्वरूप दो प्रकरण तालिका 2.8 में नीचे दिए गए हैं :

तालिका 2.8

क्र.	लेखापरीक्षिती इकाई	कर निर्धारण अवधि/लेखा परीक्षा का माह	हमारी आपत्तियां	विभाग का उत्तर
1.	वा.क.अ.कटनी	2010–11/ जून 2014	कर निर्धारण अधिकारी ने पुराने वाहन की बिक्री, मशीनरी पार्ट्स अर्थ मूविंग मशीन की बिक्री ₹ 1.20 करोड़ को बिक्री मूल्य में शामिल नहीं किया जबकि यह व्यवसायी	कर निर्धारण अधिकारी ने बताया (जून 2014) कि सत्यापन पश्चात

[33]**वृत्त कार्यालय**(20) : इंदौर,जबलपुर,कटनी 1, मंदसौर (2), सतना, शहडोल (2), शाजापुर

			के अंकेक्षित खाते में दिया गया है। परिणामस्वरूप कम कर निर्धारण के कारण ₹ 5.08 लाख का करारोपण नहीं हुआ। इसके अतिरिक्त ₹ 2.03 लाख का ब्याज भी देय होगा।	कार्यवाही की जाएगी।
2.	वा.क.अ. वृत्त–4 जबलपुर	2010–11 / जनवरी 2015	कर निर्धारण अधिकारी ने कर योग्य राशि ₹ 31.71 करोड़ का गलत निर्धारण किया जबकि कर निर्धारण में व्यवसायी ने वास्तविक आवर्त ₹ 37.71 करोड़ दिखाया था कर योग्य राशि का कम निर्धारण करने के कारण ₹ 62,801 का कम करारोपण हुआ	कर निर्धारण अधिकारी ने (जनवरी 2015) में बताया कि सत्यापन पश्चात कार्यवाही जाएगी।

इसे इंगित किये जाने पर, कर निर्धारण अधिकारी ने (जून 2013 और फरवरी 2015 के मध्य) बताया कि सत्यापन पश्चात कार्यवाही की जाएगी।

प्रकरण की जानकारी आयुक्त वाणिज्यिक कर और शासन (मई 2015) को दी गयी। उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है (नवम्बर 2015)।

2.5 गलत दर से कर का आरोपण

कर निर्धारण अधिकारी ने विभिन्न वस्तुओं पर गलत दर से कर के आरोपण से आवर्त राशि ₹ 18.40 करोड़ पर करारोपण किया। परिणामस्वरूप, शास्ति की राशि ₹ 51.03 लाख सहित ₹ 1.38 करोड़ का कम करारोपण हुआ।

हमने अप्रैल 2013 से मार्च 2015 के मध्य एक संभागीय कार्यालय (उज्जैन) चार क्षेत्रीय कार्यालय[34] और आठ वृत्त कार्यालयों[35] में 9,178 कर निर्धारण प्रकरणों में से 8,929 प्रकरणों की नमूना जांच की और पाया कि 16 व्यवसाइयों के 18 प्रकरणों में जो कि 2007–08 से 2012–13 के मध्य अवधि जुलाई 2010 से मार्च 2014 में कर निर्धारण किए गए थे, कर निर्धारण अधिकारी ने वस्तु का गलत वर्गीकरण करते हुए आवर्त राशि ₹ 18.40 करोड़ पर कर की कम दर लगायी।

यह म.प्र. वैट अधिनियम की धारा–9 के अंतर्गत प्रावधानों और इसमें जारी अधिसूचनाओं का उल्लंघन थाजिसके अनुसार वस्तु के वर्गीकरण के आधार पर अनुसूची –II के अनुसार वस्तु पर कर लगाया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप ₹ 51.03 लाख के शास्ति जो म.प्र. वैट अधिनियम की धारा 21(2) के अंतर्गत कर का कम कर निर्धारण व्यवसायी पर होगा सहित ₹ 1.37 करोड़ का कम करारोपण हुआ (**परिशिष्ट –XIII**)।

हमारे द्वारा इंगित किये जाने पर 10 व्यवसाइयों के 12 प्रकरणों में, कर निर्धारण अधिकारी ने सत्यापन/परीक्षण उपरांत कार्यवाही पर सहमति जतायी। एक व्यवसायी के एक प्रकरण में कर निर्धारण अधिकारी ने उत्तर प्रस्तुत नहीं किया।

शेष बचे छः व्यवसाइयों के छः प्रकरणों में विभागीय उत्तर और हमारे कथन **तालिका 2.9** में दिखाए गए हैं।

---

34 ग्वालियर 2, इंदौर 1, नीमच और सागर

35 भोपाल, देवास, हरदा, कटनी, खण्डवा, पीथमपुर, सीहोर और उज्जैन

तालिका 2.9

क्र.	लेखापरीक्षित इकाई का नाम/ व्यवसाइयों की संख्या	प्रभावित राशि (लाख ₹ में)	लगायी जाने वाली/ लगायी गयी कर की दर	वस्तु	लेखापरीक्षा प्रेक्षण	विभाग का उत्तर	हमारी टिप्पणी
1.	वा.क.अ. वृत्त–II, उज्जैन I	1.01	13/5	पेपर दोना	पेपर दोना की बिक्री पर कर की दर 13 प्रतिशत की बजाय 5 प्रतिशत से लगायी गयी	पेपर कप अंग्रेजी का शब्द है जिसे हिन्दी में सामान्यतः दोना कहा जाता है।	वस्तु बाउल (दोना) कप एवं कांच से भिन्न है। बाउल II/II/ 29 में 1.4.11 से रखा गया है। अतः यह 2010–11 में II/IV/1 अनुसार कर योग्य है।
2.	वा.क.अ. वृत्त–II, भोपाल I	2.29	12.5/4	डीजल ऑयल इंजन	डीजल ऑयल इंजन की बिक्री पर 12.5 प्रतिशत की दर के बजाय 4 प्रतिशत से कर लगाया गया	व्यवसाइयों ने पंप की खरीद और बिक्री की है, इंजन की नहीं	फार्म–49 से साबित होता है कि व्यवसायी ने राज्य के बाहर से डीजल इंजन खरीदे थे।
3.	स.आ.वा.क. नीमच 2	22.19	13/5	फेल्ट एण्ड फेल्ट कम्पोनेन्ट	फेल्ट एण्ड फेल्ट कम्पोनेन्ट की बिक्री पर 13 प्रतिशत की बजाय 5 प्रतिशत की दर से कर लगाया गया	अपीलीय अधिकारी के आदेश होने से कर निर्धारण अधिकारी कर निर्धारण के लिए उपयुक्त नहीं है और सी.एस.टी. प्रकरण में कपड़ा समझकर वूल फेल्ट पर कर लगाया गया	आयुक्त वा.क. में सीलवेल प्रकरण के आदेश के सम्बन्ध में 13 प्रतिशत से कर लगाया गया है। हमें उत्तर मान्य नहीं है।
4.	वा.क.अ.–II कटनी I	5.20	13/5	इन्वर्टर / घरेलू यू.पी.एस.	इन्वैर्टर/ घरेलू यू.पी.एस. की बिक्री पर 13 प्रतिशत की बजाय 5 प्रतिशत से कर लगाया गया	कर निर्धारण अधिकारी ने पंजाब वैट के सम्बन्ध में न्यायिक उद्घोषणा का हवाला देते हुए बताया कि व्यवसायी यू.पी.एस. और बाहरी बैटरी का व्यवसाय करता है।	एम.पी.वैट एक्ट 2002 अनुसूची की प्रविष्टि में कम्प्यूटर और पार्ट्स सूचना टैक्नोलॉजी के पार्ट्स है। पंजाब वैट एक्ट में सूचना टैक्नोलॉजी उत्पादकों की कोई शर्त नहीं है। निर्णय में इस पर चर्चा की जा चुकी

						यू.पी.एस. पर वैट एक्ट की प्रविष्टि नं. 51(8) के अन्तर्गत 5 प्रतिशत से कर देय है।	है। निर्णय के अनुसार भी बेचे गये गुड्स पर 13 प्रतिशत से कर देय है।
5.	वा.क.अ.II, कटनी–I	8.08	13/5	मशीनरी पार्ट्स मोटर पार्ट्स मोटर पार्ट्स	दर मशीनरी पार्ट्स, मोटर पार्ट्स की बिक्री पर 13 प्रतिशत की बजाय 5 प्रतिशत से कर लगाया जाता है।	कृषि यंत्रों पर 5 प्रतिशत की दर से कर तथा मशीनरी पार्ट्स पर 13 प्रतिशत की दर से कर लगाया गया	मोटर पार्ट्स मशीनरी पर 13 प्रतिशत की दर से कर लगाने के लिए आपत्ति ली गयी है और कृषि यंत्र की बिक्री पर नहीं ली गयी है। मशीनरी/मोटर पार्ट्स पर 13 प्रतिशत से कर देय है।

हमारे द्वारा आयुक्त वाणिज्यिक कर और शासन को प्रकरण की सूचना दी गयी (मई 2015)। उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।(नवम्बर 2015)

2.6 त्रूटिपूर्ण कर मुक्त विक्रय मानते हुए करारोपण न करना।

कर निर्धारण अधिकारी ने कर निर्धारण करते समय ₹ 3.84 करोड़ की राशि के वस्तु जैसे ऑटो एल.पी.जी., ड्रिप लाइन, पेस्टीसाइड्स आदि के विक्रय को त्रूटिपूर्ण ढंग से कर मुक्त मानते हुए कर का निर्धारण किया। परिणामस्वरूप ₹ 1.41 करोड़ का कम करारोपण हुआ।

हमने मार्च 2014 से फरवरी 2015 के मध्य पांच वृत्त कार्यालयों[36] के 4,312 में से 4,173 कर प्रकरणों की नमूना जांच की और पाया कि 2010–11 से 2012–13 की अवधि के पांच व्यवसाइयों के पांच प्रकरण जिनका कर निर्धारण फरवरी 2013 से मार्च 2014 के मध्य किया गया में व्यवसायी द्वारा कर योग्य वस्तु जैसे ऑटो एल.पी.जी., ड्रिप लाइन, पेस्टीसाइड्स आदि की राशि ₹ 3.84 करोड़ का विक्रय किया जबकि मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की अनुसूची–II और इसके अंतर्गत जारी किये गये अधिसूचनाओं के अनुसार यह वस्तु कर योग्य है।

कर निर्धारण अधिकारी ने इन प्रकरणों का कर निर्धारण करते समय इन्हे गलत रूप से कर मुक्त मानते हुए करारोपण नही किया। परिणामस्वरूप राशि ₹ 37.18 लाख का कम करारापेण हुआ। इसके अतिरिक्त धारा 21(2) के अंतर्गत जहां कर निर्धारण करने में चुक का दायित्व व्यवसायी पर हो, ₹ 1.04 करोड़ की शास्ति भी आरोपणीय है। (परिशिष्ट –XIV)।

हमारे द्वारा अप्रैल 2014 और फरवरी 2015 के मध्य इंगित किए गए प्रकरणों में से तीन प्रकरणों में कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि सत्यापन पश्चात कार्यवाही की

[36] धार, इंदौर (2), जबलपुर, नीमच

जाएगी। अन्य दो प्रकरणों में विभाग के उत्तर और हमारी टीप तालिका 2.10 में दिखाए गए हैं।

तालिका 2.10

(राशि लाख ₹ में)

क्र.	वस्तु	टर्नओवर (लाख ₹ में)	लागू कर की दर (प्रतिषत में)	करारोपण न किया जाना (लाख ₹ में)
1.	कीटनाशक	51.17	5	2.60
	यह बताये जाने पर कर निर्धारण अधिकारी ने बताया (मार्च 2014) कि जैव खाद और जैव कीटनाशक (डंग उत्पादित) अनुसूची–I की प्रविष्टि 26 में कर मुक्त है। उत्तर मान्य नहीं है अनुसूची–I में केवल जैव खाद में कर मुक्त है, जैव कीटनाशक के लिए कोई प्रविष्टि नहीं है इसलिए दूसरे कीटनाशकों के समक्ष रखते हुए ये कीटनाशक भी अधिनियम की प्रविष्टि II/II/24 के तहत कर योग्य है।			
2.	पाइप्स और मोटर्स	57.77	5	2.89 8.67 (शास्ति)
	यह बताये जाने पर, कर निर्धारण अधिकारी ने बताया (जनवरी 2015) कि स्प्रिंकलर (ड्रिप सिंचाई यंत्र) अधिनियम की प्रविष्टि I/72 के अंतर्गत कर मुक्त है। पाइप और मोटर के सम्बन्ध में उत्तर स्वीकार योग्य नहीं है चूंकि 2011–12 में यह I/72 की प्रविष्टि मे शामिल नहीं है अपितु प्रविष्टि II/II/64 के अंतर्गत कर योग्य है।			

हमने प्रकरण को आयुक्त वाणिज्यिक कर एवं शासन को अवगत कराया (मई 2015) लेकिन उनके उत्तर नहीं प्राप्त हुए (नवम्बर 2015)।

2.7 अमान्य आगत कर छूट की स्वीकृति।

कर निर्धारण अधिकारी ने ₹ 71.67 लाख की आगत कर छूट (आई.टी.आर.) स्वीकृत की जो कि सम्बन्धित प्रावधानों और नियमों के अनुसार नहीं थी। इसके परिणामस्वरूप ₹ ब्याज एवं शास्ति सहित ₹ 1.90 करोड़ की कम प्राप्ति हुई।

अक्टूबर 2013 और फरवरी 2015 के मध्य तीन क्षेत्रीय कार्यालयों (छिन्दबाड़ा, इंदौर–II और नीमच) और नौ वृत्त कार्यालयों[37] के 8,907 कर निर्धारण प्रकरणों में से 8,547 प्रकरणों की नमूना लेखापरीक्षा की ओर पाया कि अवधि 2009–10 से 2012–13 के जून 2012 और फरवरी 2014 के मध्य कर निर्धारण किए गए 17 व्यवसाइयों के 17 प्रकरणों में व्यवसायी अंकेक्षित खातों में प्रमाणित क्रय राशि अनुसार ₹ 4.41 करोड़ की आगत कर छूट प्राप्त करने की पात्रता रखते थे।

व्यवसाइयों ने आई.टी.आर. ₹ 5.13 करोड़ का गलत दावा किया और कर निर्धारण अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया गया। यह म.प्र. वैट अधिनियम की धारा 14(1) सहपठित नियम 9 का उल्लंघन था जिसके अनुसार व्यवसाइयों को आई.टी.आर. की छूट उनके द्वारा प्रस्तुत की गयी विवरणियों को प्रमाणित करके तथा अंकेक्षित खातों से क्रय को प्रमाणित करने के बाद ही स्वीकृत की जानी चाहिए। परिणामस्वरूप, ₹ 71.67 लाख की आई.टी.आर. अधिक स्वीकृत की गयी। इसके अतिरिक्त म.प्र. वैट अधिनियम की धारा 18(4) और 21(2) के अंतर्गत ₹ 1.18 करोड़ केब्याज और शास्ति की राशि भी आरोपणीय है (**परिषिष्ट –XV** में विस्तृत विवरण दिया गया है)।

अक्टूबर 2013 और फरवरी 2015 के मध्य 14 प्रकरणों में कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि सत्यापन पश्चात कार्यवाही की जावेगी और शेष तीन प्रकरणों में कर निर्धारण अधिकारी के उत्तर और हमारे प्रत्युत्तर नीचे तालिका 2.11 में दिखाए गए हैं।

[37] अशोकनगर, ग्वालियर, हरदा, इंदौर (2), सागर सतना शहडोल और उज्जैन

तालिका 2.11

क्र.	लेखा परीक्षिती इकाई/ व्यवसाइयों की संख्या	कर निधारण की अवधि/माह	हमारी संक्षिप्त आपत्तियां	विभागीय उत्तर/ हमारे प्रत्युत्तर
1.	स.आ.–I, वृत्त–III, ग्वालियर 01	2009–10 जून 2012	अंकेक्षित खातों के अनुसार ₹ 9.23 करोड़ के साबुन की खरीद पर आई.टी.आर. स्वीकृत योग्य था जबकि कर निर्धारण अधिकारी ने ₹9.64 करोड़ के क्रय पर आई.टी.आर. स्वीकृत किया। परिणामस्वरूप ₹ 5.09 लाख का अमान्य आई.टी.आर. स्वीकृत किया।	कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि क्रय सूची और बिल प्रस्तुत करने के आधार पर आई.टी.आर. स्वीकृत किया गया। जवाब मान्य नहीं है चूंकि आपत्ति अंकेक्षित खाते में प्रमाणित क्रय के आधार पर ली गयी है।
2.	सहा.आयु.डिवी.–II इंदौर 01	2010–11 अप्रैल 2013	व्यवसायी ने कुल टर्न ओवर ₹ 4.60 करोड़ का 76.92 प्रतिशत ₹ 3.54 करोड़ का राज्य के बाहर स्टॉक स्थानांतरण किया। कर निर्धारण अधिकारी ने कर निर्धारण करते समय, व्यवसायी के कर निर्धारण के प्रस्ताव में सहमति दिखाते हुए स्टॉक स्थानांतरण पर आई.टी.आर. का रिवर्सल नहीं किया।	कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि स्टॉक स्थानांतरण आयातित माल (दूसरे राज्य से मंगाने) क्रय पर आर.टी.आर. का रिवर्सल नहीं किया जाता है। जवाब इस सत्य के अनुरूप नहीं है कि (आयातित माल) क्रय करने के स्थान पर बेचा गया जिससे घटाया (घटाने का लाभ मिला) जिसका प्रभाव कर निर्धारण आदेश दिनांक 15 अपैल 2013 के बिन्दु क्रमांक–1 में स्पष्ट किया।
3.	वा.क.अ. –I सतना 01	2010–11 जुलाई 2013	कर निर्धारण अधिकारी ने अंतर्राज्यीय क्रय पर ₹ 77,072 का गलत आई.टी.आर. स्वीकृत किया।	कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि क्रय सूची से अंतर्राज्यीय क्रय को अलग करने के बाद आई.टी.आर. स्वीकृत किया गया। उत्तर मान्य नहीं है। क्रय पर गलत आई.टी.आर. स्वीकृत किया गया यह स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया, नागपुर (बिल नं.381 और 384 दिनांक 31 मई 2010 से किये गये क्रय से स्पष्ट है।

हमने प्रकरण को आयुक्त वाणिज्यिक कर और शासन को जानकारी दी (मई–2015) उनके उत्तर प्राप्त नही हुए है (नवम्बर–2015)।

2.8 प्रवेश कर का अनारोपण /कम आरोपण

कर निर्धारण अधिकारी द्वारा मिल्क पाउडर, प्लास्टिक पैकिंग सामग्री, टायर, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स, मोबाइल, विस्फोटक, बिटुमिन, फर्नेस ऑयल, हेक्सेन एच.डी.पी.ई. /पी.पी.वोवन बैग, आयरन एण्ड स्टील, कोल, ऑयल सीड, डीजल, कीटनाशक आदि के सकल टर्न ओवर ₹ 1,138.98 करोड़ पर या तो प्रवेष कर का आरोपण नहीं हुआ अथवा गलत दर से हुआ। परिणामस्वरूप, ₹ 17.85 करोड़ के ब्याज और शास्ति सहित राशि ₹ 31.25 करोड़ के प्रवेश कर की कम वसूली/वसूली नही हुई।

हमने अप्रैल 2013 और जून 2015 के मध्य आठ संभागीय कार्यालय[38], छः क्षेत्रीय कार्यालय[39] और 28 वृत्त कार्यालयों[40] के कर निर्धारण प्रकरण आदेशो, अंकेक्षित खाते, क्रय सूची आदि की नमूना जांच के दौरान पाया कि 2006–07 से 2012–13 की

38 भोपाल डिवीजन–I, भोपाल डिवीजन–II, भोपाल–टी.ए.डब्ल्यू., इंदौर डिवी.–I, इंदौर टी.ए.डब्ल्यू.–I, जबलपुर डिवी.–II,, रतलाम और सतना

39 भोपाल डिवीजन–I, भोपाल डिवीजन–II, ग्वालियर–डिवीजन–II, इंदौर डिवीजन–I, कटनी और सागर–II

40 भोपाल(5), बुरहानपुर, देवास, धार, ग्वालियर–(2), इंदौर–(8),, कटनी मंण्डिदीप नरसिंहपुर रतलाम शहडोल सतना–(2), उज्जैन–(2), और बैढन।

अवधि के मई 2009 से मार्च 2015 कर निर्धारित/पुनः कर निर्धारित के मध्य 118 व्यवसाइयों के 124 प्रकरणों मे मिल्क पाउडर, प्लास्टिक पैकिंग मैटीरियल, टायर, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स, मोबाइल, विस्फोटक बिटुमिन, फर्नेस ऑयल, हेक्सेन, एच.डी.पी.ई. /पी.पी.बोवेन बैग, आयरन एण्ड स्टील कोल, ऑयल सीड डीजल कीटनाशक आदि पर, ₹ 1,138.98 करोड़ की राशि पर प्रवेश कर का या तो आरोपण नहीं हुआ या गलत दर से हुआ।

यह मध्यप्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1976 और इसके तहत जारी नियम और अधिनियमों के प्रतिकूल था। इसके परिणामस्वरूप, अधिनियम की धारा 18(4)(ए) और धारा 21(2) के अंतर्गत ब्याज और शास्ति राशि ₹ 17.85 करोड़ सहित ₹ 31.25 करोड़ के प्रवेश कर की कम/अवसूली रही। विभाग के उत्तर और हमारे प्रत्युत्तर सहित विवरण **परिशिष्ट–XVI** में दिया गया है।

हमने प्रकरण को आयुक्त वाणिज्यिक कर और शासन को सूचित किया (मई 2015) उनके उत्तर अभी तक प्राप्त नहीं हुए है (नवम्बर 2015)।

2.9 अमान्य छूट की स्वीकृति

कर निर्धारण अधिकारी ने व्यवसाइयों को प्रमाण–पत्रों से प्राप्त छूट के अतिरिक्त अन्य क्रय पर प्रवेश कर के भुगतान से छूट दी और इसके साथ ही गुड्स के क्रय पर छूट की सीमा से अधिक छूट दी जिसके परिणामस्वरूप, शास्ति ₹ 19.43 करोड़ सहित प्रवेश कर ₹ 25.91 करोड़ की छूट अनियमित रही।

हमने अक्टूबर 2014 और जून 2015 अवधि मे देखा कि तीन संभागीय कार्यालयों (भोपाल–II, इंदौर और रतलाम) और तीन वृत्त कार्यालयों (इंदौर–X, XI और सेंधवा) में 2010–11 से 2012–13 की अवधि के अप्रैल 2013 और मार्च 2015 में कर निर्धारण किये गये 12 व्यवसाइयों के 15 प्रकरणों में कर निर्धारण अधिकारी ने व्यवसाइयों को प्रमाणपत्रों से प्राप्त छूट के अतिरिक्त अन्य क्रय करने पर प्रवेश कर के भुगतान से छूट दी और इसके साथ वस्तु के क्रय पर छूट की सीमा से अधिक छूट की स्वीकृति दी।

यह अधिनियम की धारा 10 का उल्लंघन था, जिसके अनुसार सरकार अधिसूचना[41] द्वारा और कुछ प्रतिबन्धों और शर्तों के साथ जैसी कि उसमें दी गयी हो, किसी निश्चित अवधि के लिए व्यवसायी द्वारा सभी शर्तों को पूरा करने पर जैसी अधिसूचना में दी गयी हो, प्रवेश कर के भुगतान से छूट दे सकती है। इसके परिणामस्वरूप, जुर्माने ₹ 19.43 करोड़ सहित ₹ 25.91 करोड़ के प्रवेश कर की छूट अनियमित रही। विभाग के उत्तर और हमारे प्रत्युत्तर सहित विस्तृत विवरण **परिशिष्ट –XVII** में दिखाए गए हैं।

हमने प्रकरण को आयुक्त वाणिज्यक कर और शासन (जुलाई 2015) को बताया, उनके उत्तर अभी तक प्राप्त नहीं हुए (नवम्बर 2015)।

---

[41] ज्ञापन क्र.ए–3–68–2004–1–V(21) दिनांक 04.04.2005

अध्याय – 3
राज्य उत्पाद शुल्क

अध्याय–3
राज्य उत्पाद शुल्क

3.1 कर प्रशासन

प्रमुख सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग, शासन स्तर पर विभाग के प्रशासकीय प्रमुख है। आबकारी आयुक्त विभाग प्रमुख है, जिनकी सहायता के लिए मुख्यालय ग्वालियर पर एक अपर आबकारी आयुक्त, तीन उपायुक्त आबकारी, संभागो में सात उपायुक्त आबकारी, सम्भागीय उड़नदस्ता, जिलों में 15 सहायक आयुक्त आबकारी तथा 54 जिला आबकारी अधिकारी होते है। जिले में कलेक्टर आबकारी प्रशासन को प्रमुख होता है तथा मदिरा एवं अन्य मादक द्रव्यों के फुटकर विक्रय की दुकानों के व्यवस्थापन के लिए सक्षम है साथ ही आबकारी राजस्व की वसूली के लिए भी उत्तरदायी है।

आसवनियों, बोतल भराई, संयंत्र (विदेशी मदिरा) तथा यवासवनियों में कार्य संचालन का परिवीक्षण जिला आबकारी अधिकारियों द्वारा आसवनियों/यवासवनियों तथा बोतल भराई संयंत्रों में पदस्थ सहायक जिला आबकारी अधिकारियों तथा उपनिरीक्षकों की सहायता से किया जाता है।

राज्य आबकारी राजस्व में, मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत अधिरोपित या आदेशित किसी शुल्क, फीस, शास्ति या राजसातकरण से प्राप्तियाँ संचिन्हित होती है। इसमें विक्रय के लिए मदिरा का विनिर्माण आधिपत्य तथा प्रदाय, भाँग एवं पॉपीस्ट्रॉ से प्राप्त राजस्व भी सम्मिलित होता है।

3.2 लेखापरीक्षा के परिणाम

हमारे द्वारा वर्ष 2014–15 के दौरान राज्य उत्पाद प्राप्तियों से सम्बन्धित 61 इकाईयों में से 36 इकाईयों के अभिलेखों की नमूना जांच में 19,948 प्रकरणों में ₹ 108.10 करोड़ की राशि का अवनिर्धारण, राजस्व की हानि एवं शास्ति का अनारोपण आदि प्रकट हुआ, जिन्हें आगामी **तालिका 3.1** में दर्शाये अनुसार वर्गीकृत किया जा सकता हैं।

तालिका 3.1

			(` करोड़ में)
क्र. स.	**श्रेणी**	**प्रकरणों की संख्या**	**राशि**
1	फुटकर लायसेंसधारियो को अनुचित लाभ	325	0.68
2	सत्यापन प्रतिवेदनो की अप्राप्ति पर शुल्क की वसूली न होना	2,106	2.57
3	स्पिरिट/मदिरा की अधिक हानियों पर शास्ति/शुल्क का अनारोपण	631	0.78
4	मदिरा दुकानों से लायसेंस फीस की वसूली न होना/कम वसूली होना	27	1.86
5	देशी/विदेशी मदिरा का अनियमित प्रदाय	2,058	5.93
6	लायसेंस की शर्तो के उल्लघंन पर शास्ति का अनारोपण	1,105	24.76
7	अन्य प्रेक्षण	13,696	71.52
	योग	**19,948**	**108.10**

वर्ष 2014–15 लेखापरीक्षा के दौरान इंगित किये गये 19,276 प्रकरणों में ₹ 86.45 करोड़ के अवनिर्धारण, शास्ति का अनारोपण एवं राजस्व की हानि को स्वीकार किया।

कुछ उदाहरणात्मक लेखापरीक्षा प्रेक्षणों का, जिनमें ₹ 11.09 करोड़ की राशि अंतर्निहित है, उल्लेख निम्नलिखित कंडिकाओं में किया गया है।

3.3 परिवहन/निर्यात की गई विदेशी मदिरा/बीयर और मदिरा की अभिस्वीकृति प्राप्त न होने पर आबकारी शुल्क की वसूली न होना

विदेशी मदिरा लायसेंसधारियों द्वारा निर्यात/परिवहन की गई 7,78,21,068 प्रुफ लीटर विदेशी मदिरा एवं 5,88,918 प्रुफ लीटर बीयर जिसमें उत्पाद शुल्क ₹ 8.54 करोड़ की राशि अंतर्निहित थी, के आबकारी सत्यापन प्रमाण–पत्र गन्तव्य इकाइयों के प्रभारी अधिकारियों जो निर्यात/परिवहन के परमिट जारी करने हेतु प्राधिकरी को प्रस्तुत नहीं किये गये।

हमने सहायक आबकारी आयुक्त छतरपुर, धार एवं रायसेन में निर्यात/परिवहन परमिट पंजियो एवं आबकारी सत्यापन प्रमाण–पत्र (ई.वी.सी.) की प्राप्ति पंजियो में अवलोकित किया (जुलाई 2014 से जनवरी 2015 के मध्य) कि इन इकाइयों द्वारा जारी 340 परमिटों पर लायसेंसधारियों द्वारा 7,78,210.68 प्रुफ लीटर विदेशी मदिरा एवं 5,88,918 प्रुफ लीटर बीयर निर्यात/परिवहन की गई, जिसमें शुल्क ₹ 8.54 करोड शामिल थी।

यह देखा गया कि मध्यप्रदेश विदेशी मदिरा नियम के नियमों 12, 13 एवं 14 में दिये गये प्रावधानों का उल्लघंन करते हुए विभाग ने (अप्रैल 2013 से दिसम्बर 2014 के मध्य) निर्धारित शुल्क की वसूली किये बिना या बिना पर्याप्त बैंक गारंटी/शोधक्षम प्रतिभूति के साथ बंधपत्र निष्पादित कर जो अंतर्निहित शुल्क की राशि के बराबर हो, प्राप्त किये बिना ही निर्यात/परिवहन हेतु परमिट जारी कर दिये।

पुनः आगे यह देखा गया कि लायसेंसधारियो द्वारा गन्तव्य इकाइयों के प्रभारी अधिकारी से सत्यापन प्रमाण–पत्र, जिसमे शुल्क ₹ 8.54 करोड़ अन्तर्निहित थी, प्रस्तुत नही किये गये। उक्त वर्णित नियम के नियम–13 मे दिये गये प्रावधानो के अनुसार विभाग के द्वारा प्रस्तुत नही किये गये आबकारी सत्यापन प्रमाण–पत्रो हेतु शुल्क ₹ 8.54 करोड लगाया जाना था। ऐसा नही करने से शुल्क ₹ 8.54 करोड की प्राप्ति नहीं हो सकी।

हमारे द्वारा प्रकरणो को इंगित किये जाने के पश्चात सहायक आबकारी आयुक्तों ने बताया (जुलाई 2014 से जनवरी 2015 के मध्य) कि आबकारी सत्यापन प्रमाण–पत्र शीघ्र प्रस्तुत कर दिये जायेगें। हम उत्तर से सहमत नहीं है क्योंकि मदिरा के निर्यात/परिवहन से पूर्व पर्याप्त बैंक गारंटी/ बांड के साथ शोधक्षम प्रतिभूति प्राप्त नही की गई। इसके अलावा आबकारी सत्यापन प्रमाण–पत्र अभी तक (नवम्बर 2015) प्रस्तुत नही किये गये है। हमने शासन एवं विभाग को प्रकरण सूचित किया (जुलाई 2015)। शासन एवं विभाग का जवाब प्राप्त नही हुआ है (नवम्बर 2015)।

3.4 शास्ति का अनारोपण

3.4.1 भण्डागारो में देशी मदिरा का निर्धारित न्यूनतम स्कन्ध बनाये रखने मे असफल रहने वाले प्रकरणों पर शास्ति का अनारोण

देशी मदिरा लायसेंसधारियो द्वारा बोतल बंद देशी मदिरा का नियमानुसार न्यूनतम स्कन्ध देशी मदिरा भण्डागारों में नही रखा गया। लायसेंसधारियो द्वारा नियमो का निरंतर उल्लघंन पर सहायक आबकारी आयुक्तो/जिला आबकारी अधिकारियों द्वारा राशि ₹ 1.27 करोड शास्ति नही लगायी गयी।

हमने छः सहायक आबकारी आयुक्तो[1] एवं पांच जिला आबकारी अधिकारियों[2] के अभिलेखों जैसे स्कन्ध पंजी, मासिक पंजी इत्यादि से अवलोकन (जनवरी 2014 से मार्च 2015 के बीच) किया कि 10 लायसेंसधारियो द्वारा (जुलाई 2011 से फरवरी 2015 के बीच) देशी मदिरा भण्डागारो मे बोतलबंद देशी मदिरा का न्यूनतम स्कन्ध नही रखा गया।

यह मध्यप्रदेश देशी स्पिरिट नियम 1995 के नियम 4(4) मे दिये गये प्रावधानो का उल्लघंन था, जिसके अनुसार लायसेंसधारियो को प्रत्येक विनिर्माण एवं स्टोरेज भण्डारगारो मे बोतलबंद मदिरा/परिशोधित स्पिरिट का एक न्यूनतम स्कन्ध रखना चाहिए, जो पिछले महीने सप्लाई किये गये पाँच दिनो के औसत के बराबर हो। यद्यपि मद्य भण्डारगार अधिकारियो द्वारा मासिक विवरणियों के माध्यम से न्यूनतक स्कन्ध न रखने की सूचना सहायक आबकारी आयुक्त/जिला आबकारी अधिकारी को दी, लेकिन सहायक आबकारी आयुक्त/जिला आबकारी अधिकारी ने शास्ति का आरोपण नही किया हैं।

मध्य प्रदेश देशी स्पिरिट नियम 1995 के नियम 12(1) के अनुसार नियमो के लगातार उल्लघंन करने के कारण लायसेंसधारियो पर राशि ₹ 1.27 करोड की शास्ति अधिरोपित नहीं की गई। जिसके परिणामस्वरूप ₹ 1.27 करोड की शास्ति आरोपित नहीं हो सकी।

प्रकरणों को इंगित करने के पश्चात् सहायक आबकारी आयुक्त/जिला आबकारी अधिकारी ने (जनवरी 2014 से मार्च 2015 के मध्य) बताया कि प्रकरण उच्च अधिकारियो को सूचित कर दिया गया है एवं नियमानुसार उचित कार्यवाही करने के पश्चात् लेखापरीक्षा को सूचित किया जावेगा। उत्तर मान्य नही है क्योंकि नियमों के अनुसार देशी मदिरा का न्यूनतम स्कन्ध न रखने के लिए प्रस्तावित शास्ति कर प्रकरणो को आबकारी आयुक्त की ओर भेजने हेतु कोई कार्यवाही नहीं की गई।

प्रकरण आबकारी आयुक्त एवं शासन को (मई 2015) में सूचित किया गया था, उनके उत्तर (नवम्बर 2015) तक प्राप्त नही हुए।

3.4.2 निर्यात/परिवहन के दौरान विदेशी मदिरा/बीयर की अधिक हानियों पर शास्ति का अनारोपण

विदेशी मदिरा एवं बीयर के निर्यात/परिवहन के दौरान क्रमशः 67,577.11 प्रुफ लीटर विदेशी मदिरा एवं बीयर के 51,413.57 बल्क लीटर जो विदेशी मदिरा के प्रकरण में अनुमत्य सीमा से 41,470.55 प्रुफ लीटर अधिक तथा बीयर के प्रकरण में अनुमत्य सीमा से 30,624.46 बल्क लीटर से अधिक थी, जिस पर विभाग द्वारा वसूली योग्य शास्ति ₹ 81.11 लाख आरोपित एवं वसूली नहीं की गई।

हमने भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर एवं मुरैना के सहायक आबकारी आयुक्त कार्यालयो के विदेशी मदिरा बोतलभराई इकाइयो एवं आसवनियों के आबकारी सत्यापन प्रमाण–पत्र की जाँच में (अगस्त 2014 से जनवरी 2015 के मध्य) पाया कि छः लायसेंसधारियो द्वारा 1,05,31,197 प्रूफ लीटर विदेशी मदिरा एवं 83,15,527 बल्क लीटर बीयर का निर्यात/परिवहन किया गया है (अप्रैल 2013 से अक्टूबर 2014 के मध्य) जो मध्यप्रदेश विदेशी मदिरा नियम 1996 के नियम 16 एवं 19 परिवहन पर में दी गई अनुमत्य हानि पर 0.25 प्रतिशत की दर से क्रमशः 26,106.56 प्रुफ लीटर एवं 20,789.11 बल्क लीटर थी।

[1] छतरपुर, मुरैना, रायसेन, रतलाम, रीवा एवं उज्जैन।

[2] बालाघाट, बुरहानपुर, छिन्दबाडा, देवास एवं मन्दसौर।

विदेशी मदिरा एवं बीयर के परिवहन के 3016 प्रकरणों में पाया गया कि विदेशी मदिरा (स्पिरिट) का कुल नुकसान 67,577.11 प्रुफ लीटर था जो अनुमत्य सीमा से 41,470.55 प्रुफ लीटर अधिक था, इसी प्रकार बीयर का कुल नुकसान 51,413.57 बल्क लीटर पाया गया जो कि अनुमत्य सीमा से 30,624.46 बल्क लीटर अधिक थी।

शास्ति प्रावधानों के अनुसार अनुमत्य सीमा से अधिक नुकसान होने पर लायसेंसधारी शास्ति के भुगतान हेतु हेतु उत्तरदायी होगा, जो उस समय विदेशी मुद्रा पर लागू शुल्क से अधिक नही होगी। इस प्रकार छः लायसेंसधारियो पर ₹ 81.11 लाख की शास्ति लगाई जानी चाहिए थी। यद्यपि भण्डार प्रभारी द्वारा त्रैमासिक विवरणियों के माध्यम से मदिरा में अधिक नुकसान की जानकारी आसवनियों के जिला आबकारी अधिकारियों को दी गई थी, विभाग द्वारा शास्ति का आरोपण एवं वसूली नही की गई। जिसके परिणामस्वरूप ₹ 81.11 लाख की शास्ति की प्राप्ति नही हो सकी।

प्रकरणों मे हमारे द्वारा इंगित करने के बाद (अगस्त 2014 से जनवरी 2015 के मध्य) सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल, ग्वालियर एवं मुरैना ने (अगस्त 2014 से जनवरी 2015 के मध्य) बताया, कि शास्ति आरोपित कर वसूली की जावेगी, जबकि सहायक आबकारी आयुक्त इन्दौर ने (दिसम्बर 2014) में बताया, कि प्रकरण, सहायक आबकारी आयुक्त उड़नदस्ता इन्दौर के कार्यालय में लंबित है तथा वहाँ से निर्देश प्राप्त होने पर वसूली की जावेगी।

हमने प्रकरण शासन एवं विभाग को (मई 2015) प्रतिवेदित किया, उनके उत्तर प्राप्त नही हुए (नवम्बर 2015)।

3.4.3 देशी मदिरा के अधिक नुकसान पर शास्ति का अनारोपण

देशी मदिरा के 34,10,716.70 प्रुफ लीटर परिवहन के दौरान अनुमत्य सीमा से 14,910.67 प्रुफ लीटर अधिक हानि के 726 प्रकरणों में विभाग ने ₹ 33.65 लाख की शास्ति वसूल नहीं की गयी।

हमने सहायक आबकारी आयुक्त कार्यालय धार एवं तीन जिला आबकारी अधिकारियों (दतिया, होशंगाबाद वं सीहोर) के (जून और जुलाई 2014 के मध्य) भण्डागारों में संधारित अभिलेखों की जाँच में पाया कि अप्रैल 2011 से अप्रैल 2013 के मध्य देशी मदिरा विनिर्माण भण्डागारो से 34,10,716.70 पी.एल. देशी मदिरा परिवहन हेतु 726 परमिट जारी किये गये थे, जिनके विरूद्ध 33,90,906.31 पी.एल.मात्रा प्राप्त हुई।

देशी मदिरा की हानि 19,810.19 प्रूफ लीटर की हुई जो कि मध्यप्रदेश देशी स्पिरिट नियम 1995 के नियम 10 के अनुसार हानि की अनुमत्य सीमा से 14,910.67 प्रूफ लीटर अधिक थी जिसके अनुसार परिवहन के दौरान पेट बोतलों के लिये 0.1 प्रतिशत तथा काँच की बोतलों के लिये 0.25 प्रतिशत हानि अनुमत्य थी।

उपरोक्त वर्णित नियम के अंतर्गत शास्ति की दर, देशी स्पिरिट उस समय विद्यमान प्रति प्रूफ लीटर शुल्क का अधिमतम तीन गुना परन्तु चार गुना से अनधिक आबकारी आयुक्त या उसके प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अनुमत्य सीमा से अधिक हानियों पर अधिरोपित की जावेगी। इस प्रकार न्यूनतम शास्ति ₹ 33.65 लाख लगाई जानी चाहिए थी। अधिकतम नुकसान के प्रकरणो की जानकारी त्रैमासिक प्रतिवेदन के माध्यम से सहायक आबकरी आयुक्त/जिला आबकारी अधिकारी को दी गई थी। तथापि सहायक आबकरी आयुक्त/जिला आबकारी अधिकारी द्वारा शास्ति आरोपित और वसूल नही की गई।

हमारे द्वारा इंगित करने के बाद जिला आबकारी अधिकारी दतिया, होशंगाबाद, सिहोर ने (जून एवं जुलाई 2014) तथा सहायक आबकरी आयुक्त धार ने (जुलाई 2014) बताया कि शास्ति अधिरोपित करने हेतु प्रकरणों को सक्षम प्राधिकारी की ओर भेजे गये है।

हमने प्रकरण शासन एवं विभाग को (मई 2015) प्रतिवेदित किया, उनके उत्तर प्राप्त नही हुए (नवम्बर 2015)।

3.4.4 एक्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल की अधिक हानि पर शास्ति का अनारोपण

मध्यप्रदेश से दूसरे राज्यों को 124 परमिटों के माध्यम से 41,84,740 प्रूफ लीटर एक्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल निर्यात की गई, जिसके विरूद्ध आयात करने वाले राज्य को 41,61,959 प्रूफ लीटर एक्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल प्राप्त हुई। परिणाम स्वरूप, 8,369.48 प्रूफ लीटर की अनुमत्य सीमा से 14,411.50 प्रूफ लीटर अधिक हानि हुई। विभाग ने इस हानि के विरूद्ध लायसेंसधारियो से ₹ 13.26 लाख शास्ति के रूप में वसूल नहीं किये।

हमने जिला आबकारी अधिकारी खरगौन के मैसर्स एसोसिएट एल्कोहल और ब्रेवरी लिमिटेड के आबकारी सत्यापन प्रमाण–पत्र की जाँच (जुलाई 2014) में पाया, कि 124 परमिटो से 41,84,740 प्रूफ लीटर एक्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल मध्यप्रदेश से दूसरे राज्यों को निर्यात (अप्रैल 2013 से अप्रैल 2014 के मध्य) किया गया, जिसके विरूद्ध आयातित राज्य को 41,61,959 प्रूफ लीटर एक्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल प्राप्त हुई, परिणामस्वरूप अनुमत्य सीमा 8,369.48 प्रूफ लीटर से 14,411.50 प्रूफ लीटर की अधिक हानि हुई।

मध्यप्रदेश डिस्टीलरी नियम 1995 के नियम 6(4) एवं 8(4) के अनुसार कि स्पिरिट/एक्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल (ई.एन.ए.) को टेंकर द्वारा दूरी के हिसाब से एक आसवनी/भण्डारगार से दूसरे आसवनी में परिवहन या निर्यात करने पर रिसाव या वाष्पीकरण कुल निर्यात/परिवहन का 0.1 से 0.2 प्रतिशत तक हर अनुमत्य है।

अनुमत्य सीमा से अधिक नुकसान या कमी के प्रकरणो में लायसेंसधारी उस समय प्रचलित देशी स्पिरिट पर प्रति प्रुफ लीटर शुल्क से अधिक शास्ति के भुगतान हेतु उत्तरदायी था। इस प्रकार अनुमत्य सीमा से अधिक हानि पर विभाग द्वारा ` 13.26 लाख वसूली योग्य शास्ति लगाई जानी चाहिए थी, जो न तो लगाई गई और न ही वसूल की गई ।

इसके परिणामस्वरूप लायसेंसधारी से ` 92 प्रति प्रुफ लीटर के हिसाब से (2013–14 मे देशी स्पिरिट की प्रति प्रुफ लीटर शुल्क की दर पर) ` 13.26 लाख की प्राप्ति नही हो सकी। यद्यपि मदिरा के अधिक हानि के प्रकरणों की जानकारी जिला आबकारी अधिकारी को त्रैमासिक विवरणियों के माध्यम से दे दी थी। विभाग द्वारा शास्ति का आरोपण नही करते हुए वसूली भी नही की गई।

हमारे द्वारा इंगित करने के बाद विभाग मे उत्तर (सितम्बर 2015) में बताया, कि नौ प्रकरणों में शास्ति की राशि ` 52,376 वसूल कर ली गई है जबकि 123 प्रकरणों मे डिस्टीलरी ने 25 प्रतिशत राशि जमा करवा दी तथा आबकारी आयुक्त के न्यायालय से शास्ति आरोपण के विरूद्ध स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया। हांलाकि विभाग ने अपने उत्तर के समर्थन में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया है।

हमने प्रकरण शासन एवं विभाग के (मई 2015) संज्ञान में लाया, शासन का उत्तर (नवम्बर 2015) प्राप्त नहीं हुआ।

3.5 आन्तरिक लेखापरीक्षा

आबकारी आयुक्त कार्यालय में आन्तरिक लेखापरीक्षा कक्ष की स्थापना वर्ष 1978 में की गई थी। इसका प्रमुख संयुक्त संचालक होता है, जो मध्यप्रदेश कोष एवं लेखा के अधिकारियो के सहयोग से विभाग के आन्तरिक लेखापरीक्षा के कार्य का निष्पादन करता है।

विभाग प्रतिवर्ष अधिनस्थ कार्यालयो की लेखापरीक्षा हेतु रोस्टर तैयार करता है। हालांकि, विभाग ने सूचित किया, कि विभाग प्रमुख एवं दूसरे स्टाफ के शाखा कार्यालयों मे व्यस्तता के कारण वर्ष 2014–15 मे रोस्टर पद्धति के अनुसार आन्तरिक लेखापरीक्षा का संचालन नही हो सका। विभाग ने 2014–15 में 16 इकाइयो की लेखापरीक्षा की और इन लेखापरीक्षा प्रतिवेदनो में 96 सामान्य प्रकृति के पैराग्रफ लिये गये तथा अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे विभागीय मेन्यूअल के अनुसार कार्य करें।

पिछले वर्षो के दौरान इकाइयों की योजना, लेखापरिक्षित आपत्तियो की संख्या, निराकृत एवं शेष आपत्तियों का विवरण निम्नलिखित **तालिका 3.2** में दिया गया है:–

तालिका 3.2

वर्ष	रोस्टर के अनुसार इकाईयां	लेखापरीक्षित ईकाइयां	रोस्टर से कम लेखापरीक्षित इकाईयां	कमी का प्रतिषतं	शामिल की गई कंडिकाएं	निराकृत की गई कंडिका	वर्ष के अन्त मे शेष बची कंडिकाएं
1	2	3	4	5	6	7	8
2010–11	50	41	09	18.00	60	07	117
2011–12	50	16	34	68.00	64	12	169
2012–13	50	16	34	68.00	111	10	270
2013–14	35	08	27	77.14	41	00	311
2014–15	–	16	–	–	96	00	407

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि विभाग मे आन्तरिक लेखापरीक्षा हेतु 2010–11 से 2013–14 तक रोस्टर पद्धति के अनुसार बनाये गये प्लान के लक्ष्य को प्राप्त नही किया। कमी लक्ष्य में 2010–11 से 2013–14 तक 18 प्रतिशत से 77.14 प्रतिशत रही। विभाग ने 2014–15 में रोस्टर पद्धति के अनुसार आन्तरिक लेखापरीक्षा का संचालन नही किया और 69 इकाइयों में से केवल 16 इकाइयों की लेखापरीक्षा हुई। आन्तरिक लेखापरीक्षा पद्धति को मजबूत करने हेतु या आवश्यक है कि विभाग लेखापरीक्षा द्वारा इंगित की गई अनियमितताओं को दूर करे, जिनकी इस अध्याय में चर्चा की गई है।

अध्याय – 4
वाहनों पर कर

अध्याय–4

वाहनों पर कर

4.1 कर प्रशासन

परिवहन विभाग पूर्ण रूप से प्रमुख सचिव (परिवहन) के अधीन कार्य करता है। चालक अनुज्ञप्ति का जारी किया जाना एवं वाहनों पर कर/शुल्क/शास्ति का आरोपण एवं संग्रहण की प्रक्रिया का प्रशासनिक नियंत्रण एवं परिवीक्षण परिवहन आयुक्त द्वारा किया जाता है। जिसकी सहायता के लिए मुख्यालय स्तर पर एक अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन), दो संयुक्त परिवहन आयुक्त (प्रशासन/वित्त), तीन उप परिवहन आयुक्त एवं एक आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा है। मैदानी स्तर पर 10 संभागीय परिवहन उपायुक्त, 10 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (क्षे.प.का.), 10 अपर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (अ.क्षे.प.का.) एवं 30 जिला परिवहन कार्यालय (जि.प.का.) है। अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) विभाग के कम्प्यूटरीकरण कार्यकलापों का परिवीक्षण करते हैं।

वाहनों पर कर का संग्रहण निम्नलिखित अधिनियमों तथा नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत जारी अधिसूचनाओं के अधीन किया जाता है :

- मोटरयान अधिनियम, 1988 ;
- केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 ;
- मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम (अधिनियम) 1991, तथा
- मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान नियम (नियम), 1991

4.2 लेखापरीक्षा के परिणाम

वर्ष 2014–15 के दौरान वाहनों पर कर से संबंधित 51 में से 24 इकाईयों (क्षे.प.का. –10, अ.क्षे.प.का.–5 एवं जि.प.का.–9) जिसमें ₹ 356.51 करोड़ का कुल राजस्व अन्तर्निहित था, की नमूना जाँच में कर के अवनिर्धारण एवं अन्य अनियमितताओं के ₹ 20.02 करोड़ के 3,30,743 प्रकरण प्रकट हुए, जो तालिका 4.1 में निम्न श्रेणी के अंतर्गत आते हैं :–

तालिका 4.1

			(` करोड़ में)
क्र.सं.	**श्रेणी**	**प्रकरणों की संख्या**	**राशि**
1.	लोक सेवा वाहनों पर वाहन कर एवं शास्ति का अनारोपण/कम आरोपण	16,800	11.68
2.	माल वाहनों पर वाहन कर एवं शास्ति का अनारोपण/कम आरोपण	1,057	3.44
3.	मैक्सी कैब वाहनों पर वाहन कर एवं शास्ति का अनारोपण/कम आरोपण	641	2.11
4.	अन्य	3,12,245	2.79
	योग	**3,30,743**	**20.02**

वर्ष के दौरान विभाग ने 1,60,454 प्रकरणों में ₹ 6.01 करोड़ के अवनिर्धारण एवं अन्य प्रकार की कमियों को स्वीकार किया जिन्हें वर्ष 2014–15 के दौरान लेखापरीक्षा में इंगित किया गया था तथा 157 प्रकरणों में ₹ 12.96 लाख की राशि वसूल की गई।

उदाहरणात्मक लेखापरीक्षा प्रकरणों जिसमें ₹ 9.48 करोड़ की राशि सन्निहित है, कि

चर्चा आगामी कंडिकाओं में की गई है।

4.3 लोक सेवा वाहनों की बैठक क्षमता के गलत निर्धारण से कम कर का आरोपण

मोटरयान जिनका व्हील बेस 3800 मि.मी., 4200 मि.मी. एवं 5639 मि.मी. है, को पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा निर्धारित बैठक क्षमता की तुलना में कम बैठक क्षमता के लिये पंजीकृत किया गया जिसके कारण ₹ 29.92 लाख के कम कर का आरोपण हुआ।

हमने (जुलाई 2014 एवं नवम्बर 2014 के मध्य) 10 कार्यालयों[1] के कम्प्यूटर डाटा बेस एवं पंजीकरण अभिलेखों की जाँच की और पाया कि मॉडल टाटा एल.पी.1109/42 जिसका व्हील बेस 4200 मि.मी. है, मॉडल टाटा एल.पी.709/38 जिसका व्हील बेस 3800 मि.मी. तथा मॉडल अशोक लीलैण्ड ए.एल.पी.एस.वी.3/41 तथा 4/94 जिसका की व्हील बेस 5639 मि.मी. है (माह जुलाई 2014 एवं नवम्बर 2014 के मध्य) के 57 वाहनों को कम बैठक क्षमता के लिये पंजीकृत किया गया था।

यह म.प्र. मोटरयान कर नियम 1994 के नियम 158 (3) एवं परिवहन आयुक्त द्वारा दिनांक 31 मई 2005 को जारी निर्देशों के विरूद्ध था। इस प्रकार वाहनो को उनकी बैठक क्षमता के 2 से 14 सीट कम बैठक क्षमता में पंजीकृत करने के कारण ₹ 29.92 लाख के कम कर का आरोपण हुआ।

यह इंगित किये जाने पर कर निर्धारण अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जाँच करने के उपरांत लेखापरीक्षा को सूचित किया जायेगा।

हमने प्रकरण परिवहन आयुक्त एवं शासन को मई 2015 में प्रतिवेदित किया, उनका उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है (नवम्बर 2015)।

4.4 वाहन कर एवं शास्ति की वसूली न होना

आरक्षित वाहनों के रूप में रखे गये 349 लोकसेवा यानों, 582 मालयानों, 134 मैक्सी कैब/टैक्सी कैब, 525 अर्थमूवर/हार्वेटर तथा 8 मंजिली गाडियों पर यानकर ₹ 4.56 करोड़ एवं शास्ति ₹ 2.57 करोड़ का भुगतान न तो यान स्वामियों द्वारा किया गया और न ही कराधान प्राधिकारियों ने उसकी मांग की।

मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1991 की धारा 3 (1) के अनुसार प्रत्येक मोटरयान पर कर का उद्ग्रहण अधिनियम में विनिर्दिष्ट दरों के अनुसार किया जायेगा। कर का भुगतान करने में असफल रहने पर अधिनियम की धारा–13 के अनुसार शास्ति भी आरोपित होगी।

हमने (मई 2014 एवं मार्च 2015 के मध्य) 23 परिवहन कार्यालयों के मांग एवं वसूली पंजी, अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी पंजी, वाहन जमा पंजी तथा कम्प्यूटर डाटाबेस की नमूना जाँच की और पाया कि 11,832 वाहनों (माह अप्रैल 2011 एवं मार्च 2014 के मध्य) में से 1,598 वाहनों पर कर की राशि ` 4.56 करोड़ का भुगतान, न तो वाहन स्वामियों द्वारा किया गया और न ही कराधान प्राधिकारियों द्वारा इसकी माँग की गयी । अधिनियम की धारा–13 के अनुसार कर के विलम्ब से भुगतान के लिए ` 2.57 करोड की शास्ति आरोपणीय थी, जो आरापित नहीं की गई। परिणामस्वरूप ` 7.13 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति नहीं हुई। विवरण **तालिका 4.2** में नीचे दर्शाया गया है।

[1] क्षे.प.का.–भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर, जबलपुर, सागर एवं उज्जैन, अ.क्षे.प.का.–खण्डवा, जि.प.का.– बालाघाट, भिंड तथा मण्डला.

तालिका 4.2

(लाख में)				
वाहनों के प्रकार/वाहनों की संख्या	**शामिल कार्यालयों की संख्या**	**कर जो वसूली नहीं गयी**	**कर न भुगतान करने पर शास्ति**	**वाहन कर एवं शास्ति की वसूली न होना**
लोक सेवायान 349	9 क्षे.प.का. 2 अ.क्षे.प.का. 8 जि.प.का. योग 19 कार्यालय[2]	218.00	103.00	321.00
माल यान 582	8 क्षे.प.का. 4 अ.क्षे.प.का. 7 जि.प.का. योग 19 कार्यालय[3]	108.00	65.54	173.54
मैक्सी कैब/टैक्सी कैब 134	1 क्षे.प.का. 4 अ.क्षे.प.का. 1 जि.प.का. योग 06 कार्यालय[4]	19.76	15.37	35.13
अर्थ मूवर्स/हार्वेस्टर 525	9 क्षे.प.का. 4 अ.क्षे.प.का. 6 जि.प.का. योग 19 कार्यालय[5]	102.00	68.51	170.51
मंजिली गाड़ी 8	2 क्षे.प.का. 2 अ.क्षे.प.का. योग 04 कार्यालय[6]	8.36	4.44	12.80
योग		**456.12**	**256.86**	**712.98**

हमारे द्वारा इंगित किये जाने पर कराधान अधिकारियों ने (मई 2014 एवं मार्च 2015 के मध्य) बताया कि बकाया करों की वसूली के लिए सूचना पत्र जारी किये जायेंगे/प्रकरणों में परीक्षण उपरांत वसूली की जावेगी।

हमने प्रकरण परिवहन आयुक्त एवं शासन को मई 2015 में प्रतिवेदित किया, उनका उत्तर प्राप्त नही हुआ है (नवम्बर 2015)।

4.5 व्यापार शुल्क की वसूली न होना/कम वसूली होने के परिणामस्वरुप राजस्व की प्राप्ति/कम प्राप्ति होना

अप्रैल 2011 से मार्च 2014 के बीच पंजीकृत 2,17,408 दोपहिया वाहनों तथा 57,361 चार पहिया वाहनों पर व्यापार शुल्क की राशि ₹ 2.06 करोड़ (प्रति मोटरसाइकिल ₹ 50 तथा अन्य के लिए प्रतिवाहन ₹ 200 की दर से) वसूलने में विभाग असमर्थ रहा।

मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 39 के तहत कोई भी व्यक्ति वाहन को सार्वजनिक स्थल पर तब तक नहीं चला रूकेगा जब तक वह पंजीकृत न हो। परन्तु केन्द्रीय

---

2 क्षे.प.का. – भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, मुरैना, रीवा, सागर, शहडोल एवं उज्जैनय अ.क्षे.प.का. – खण्डवा एवं मंदसौरय जि.प.का. – बालाघाट, भिण्ड, बुरहानपुर, दतिया, मण्डला, राजगढ़, श्योपुर एवं टीकमगढ़

3 क्षे.प.का. – ग्वालियर, होशंगाबाद, इंदौर, जबलपुर, मुरैना, रीवा, सागर एवं उज्जैनय अ.क्षे.प.का. –छतरपुर, खण्डवा, खरगौन एवं मंदसौर जि.प.का. – अलिराजपुर, बालाघाट, भिण्ड, बुरहानपुर, मण्डला, श्योपुर एवं टीकमगढ़

4 क्षे.प.का. – होशंगाबाद, अ. क्षे. प. क. – खण्डवा, खरगौन, मंदसौर एवं छतरपुर, जि.प.क. अलिराजपुर

5 क्षे.प.का. – भोपाल, ग्वालियर, होशंगाबाद, इंदौर, जबलपुर, मुरैना, रीवा, सागर एवं उज्जैनय अ.क्षे.प.का. – छतरपुर, खण्डवा, खरगौन एवं मंदसौरय जि.प.का. – अलिराजपुर, बालाघाट, भिण्ड, बुरहानपुर, मण्डला एवं श्योपुर

6 क्षे.प.का. – होशंगाबाद एवं उज्जैन, अ.क्षे.प.क – खण्डवा एवं खरगौन

मोटरयान नियम 1989 के नियम 33 के अनुसार पंजीकृत व्यवसायी को पंजीकरण की आवश्यकता से इन शर्तो पर छूट प्रदान की गई है कि यदि वह नियम 34 में दर्शाये प्रपत्र 16 मे व्यापार प्रमाण पत्र दिये जाने या उसके नवीनीकरण हेतु नियम 81 में दिये गये प्रति वाहन हेतु निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन करे। व्यापार शुल्क वसूली हेतु परिवहन आयुक्त द्वारा भी इस संबंध में नियमानुसार व्यापार शुल्क वसूलने हेतु एक आदेश (27 जनवरी 2012) जारी किया गया है। विभाग यह सुनिश्चित नहीं कर सका कि वास्तव में कितने वाहन बेचे गये थे जिनके लिए व्यापार प्रमाणपत्र जारी किये गये और व्यापार शुल्क की सही राशि वसूल की गई।

हमने (जून 2014 से मार्च 2015 के मध्य) 12 कार्यालयों[7] के वाहन पंजीकरण डाटा तथा व्यापार पंजीकरण प्रमाण–पत्र/व्यापार शुल्क पंजी के जांच में पाया कि (अप्रैल 2011 से मार्च 2014 के मध्य) 2,19,975 दोपहिया वाहन तथा 58,830 चार पहिया वाहन पंजीकृत थे।

उपरोक्त आदेश के विरूद्ध यह देखा गया कि व्यापार शुल्क केवल 12,567 दोपहिया वाहनों तथा 1,469 चार पहिया वाहनों पर ही वसूला गया। विभाग द्वारा ₹ 2.10 करोड़ व्यापार शुल्क के विरूद्ध मात्र ₹ 4.22 लाख व्यापार शुल्क वसूला गया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 2.06 करोड़ के व्यापार शुल्क की कम वसूली हुई।

हमारे द्वारा (जुलाई 2014 एवं नवम्बर 2014 के मध्य) इंगित किये जाने पर पाँच कराधान प्राधिकारियों[8] ने बताया कि वसूली हेतु संबंधित व्यवसायियों को नोटिस जारी किये जा रहे है। कराधान प्राधिकारी मंडला एवं मंदसौर (जुलाई 2014 एवं नवम्बर 2014 के मध्य) ने बताया कि परीक्षण उपरांत आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। कराधान प्राधिकारी बुरहानपुर तथा टीकमगढ़ ने बताया कि मुख्यालय से आवश्यक निर्देश प्राप्त करने के उपरांत वसूली की जायेगी। कराधान प्राधिकारी रीवा तथा सिवनी ने बताया कि नियम 81 के अंतर्गत व्यापार शुल्क केवल व्यापार प्रमाण–पत्र के लिए है न कि वाहनों के विक्रय से संबंधित है। अपर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छतरपुर ने बताया कि वसूली के उपरांत लेखापरीक्षा को सूचित किया जायेगा।

हम कराधान प्राधिकारी रीवा तथा सिवनी के उत्तर से सहमत नहीं है क्योंकि परिवहन आयुक्त के आदेश दिनांक 27 जनवरी 2012 का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जिसके अनुसार व्यवसायी द्वारा विक्रय हेतु रखे गये प्रत्येक वाहन पर व्यापार शुल्क प्रभारणीय है जो बाद में बेचे तथा पंजीकृत किये जाते हैं।

हमने प्रकरण परिवहन आयुक्त एवं शासन को मई 2015 में प्रतिवेदित किया, उनका उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है (नवम्बर 2015)।

4.6 आंतरिक लेखापरीक्षा

आंतरिक लेखापरीक्षा आंतरिक नियंत्रण का एक महत्वपूर्ण घटक है। इसे सभी नियंत्रणों के नियंत्रण के रूप में परिभाषित किया जाता है जो किसी संगठन को यह सुनिश्चित करने में सक्षम बनाता है कि निर्धारित प्रणालियाँ सुचारू रूप से कार्य कर रही है।

विभाग में आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा की स्थापना 1992 में परिवहन आयुक्त के सीधे नियंत्रण में की गई थी। आन्तरिक लेखापरीक्षा सभी अधीनस्थ कार्यालयों की आन्तरिक लेखापरीक्षा निष्पादित करने तथा ऐसे परीक्षण के दौरान संसूचित अनियमितताओं पर उचित सुधारात्मक कार्रवाही करने हेतु अनुदेश जारी करने के उद्देश्य के साथ संयुक्त परिवहन आयुक्त (वित्त) के पर्यवेक्षण में निष्पादित की जा रही है।

---

[7] क्षे.प.का. – जबलपुर, रीवा तथा सागर, अ.क्षे.प.का. छतरपुर, खण्डवा, मंदसौर, सिवनीय जि.प.का – बालाघाट, भिण्ड, बुरहानपुर, मण्डला तथा टीकमगढ़

[8] क्षे.प.का. – जबलपुर तथा सागर, अ.क्षे.प.का. खण्डवाय जि.प.का. – बालाघाट तथा भिण्ड

वर्ष 2014–15 के दौरान आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा द्वारा 35 इकाईयों की लेखापरीक्षा की योजना बनाई गई थी जिसके विरूद्ध केवल पाँच इकाईयों की लेखापरीक्षा निष्पादित की गई। विभाग द्वारा बताया गया कि विभागीय स्टॉफ निकाय एवं ग्राम पंचायत चुनाव में संलग्न होने के कारण 30 इकाईयों की लेखापरीक्षा नहीं की जा सकी। उत्तर सही नहीं है क्योंकि विभाग की आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा ग्वालियर में है एवं चुनाव प्रक्रिया सामान्यतः 30 दिन में पूरी हो जाती है अतः शेष अवधि में आन्तरिक लेखा परीक्षा पूर्ण की जा सकती थी । केवल पाँच इकाईयों की लेखापरीक्षा यह दर्शाता है कि विभाग के पास सभी इकाईयों की लेखापरीक्षा हेतु समुचित व्यवस्था नहीं है । विभाग में आंतरिक लेखापरीक्षा शाखा को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है।

अध्याय – 5
भू–राजस्व

अध्याय – 5

भू–राजस्व

5.1 लेखापरीक्षा के परिणाम

हमने वर्ष 2014–15 में 393 भू–राजस्व की इकाइयों में से 122 इकाइयों (20–क्लेक्टरेट, 101–तहसीलदार एवं 1–राजधानी परियोजना) की नमूना जांच की तथा इसमें ₹ 416.15 करोड़ के 2,55,068 प्रकरणों में राजस्व के कम निर्धारण तथा अन्य अनियमितताएं पायी गई जिन्हें तालिका 5.1 में विभिन्न श्रेणियों में दर्शाया गया है :–

तालिका 5.1

(राशि करोड़ ₹ में)

क्र. सं.	श्रेणियाँ	प्रकरणों की संख्या	राशि
1.	निष्पादन लेखापरीक्षा **'मध्यप्रदेश में भू–राजस्व प्राप्तियों'**	1	121.56
2.	गलत दरों के कारण प्रब्याजि एवं भू–भाटक की हानि	10	6.58
3.	नजूल भूमि पट्टों के नवीनीकरण न होना	5,688	1.90
4.	व्यपवर्तन किराया एवं प्रब्याजि का कम निर्धारण	6,188	33.36
5.	व्यपवर्तन किराया, प्रब्याजि एवं आर्थिक दण्ड (पेनाल्टी) की मांग न करना	1,02,019	1,493
6.	प्रक्रिया व्यय की अवसूली एवं अनारोपण	142	49.21
7.	आर.आर.सी. (राजस्व वसूली प्रमाण–पत्रों) की प्रविष्टि (दर्ज) न होना	4,777	7.89
8.	अन्य अनियमितताएं (प्रक्रिया व्यय, भू–राजस्व बकाया, राजस्व वसूली प्रमाण–पत्रों पर कार्यवाही न करना, बी–7 में चूककर्त्ताओं की सूची तैयार कर, कार्यवाही न करना)	1,36,243	180.72
	कुल	**2,55,068**	**416.15**

